Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 289 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

जीवन का एकमात्र उद्देश्य यह है कि जैसे हैं वैसे दिखे और जैसे बन सकते हैं, वैसे बनें।

The only aim of life is that we should look like we are and we can be like we are.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

मुंबई में होर्डिंग गिरने की जगह पर लगी आग, दमकल ने तुरंत काबू किया

मुंबई (आरएनएस)। देश की वाणिज्यिक राजधानी में यहां जिस जगह पर एक पेट्रोल पंप पर एक विशाल होर्डिंग गिरा था, उसके पास ही बुधवार को आग लगने से लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि आग को तुरंत काबू कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार दोपहर होर्डिंग गिरने के बाद से आज लगातार तीसरे दिन बचाव कार्य जारी रहा। भारी लोहे के रॉड को काटने के लिए इस्तेमाल किये जा रहे गैस कटर से आज आग लग गई। मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर ही मौजूद थी। उसने 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन बंद

नई दिल्ली (आरएनएस)। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अगर आप भी चारधाम यात्रा पर जाने का सोच रहे हैं, तो ये खबर जरूर पढ़ लें। नहीं तो आपको भारी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। उत्तराखंड में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दो दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है। बता दें कि ये रजिस्ट्रेशन हरिद्वार और ऋषिकेश में हो रहे थे। दरअसल, भीड़ और उसकी वजह से हो रही अव्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को रास्ते में जगह-जगह रोक दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- मैंने कभी हिंदू या मुस्लिम नहीं कहा; मैंने गरीब परिवारों की बात की

मैं वोट बैंक के लिए काम नहीं करता. मैं सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करता हूं : प्रधानमंत्री

वाराणसी (एएनआई)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी घुसपैठियों और अधिक बच्चों वाले टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देते हुए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने केवल मुसलमानों के बारे में बात नहीं की, बल्कि हर गरीब परिवार के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि जिस दिन वह हिंदू करना शुरू करेंगे- मुस्लिम, वह सार्वजनिक जीवन के अयोग्य होगा। पीएम मोदी ने कहा कि वह मुसलमानों के प्रति प्यार की मार्केटिंग नहीं करते, मैं वोट बैंक के लिए काम नहीं करता. मैं सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करता हूं. मैं हैरान हूं। आपसे किसने कहा कि जब भी कोई अधिक बच्चों वाले लोगों के बारे में बात करता है, तो यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि वे मुस्लिम हैं? आप मुसलमानों के प्रति इतने अन्यायी क्यों हैं? गरीब परिवारों में भी यही स्थिति है। जहां गरीबी है, वहां अधिक हैं बच्चे, चाहे उनका सामाजिक दायरा कुछ भी हो। मैंने हिंदू या मुस्लिम का उल्लेख नहीं किया है। मैंने कहा है कि आपको उतने ही बच्चे पैदा करने चाहिए, जिनकी देखभाल आप कर सकें आपके बच्चे, प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा।

जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे तब गुजरात में गोधरा के बाद हुए दंगों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके विरोधियों ने 2002 (गोधरा दंगों) के बाद मुसलमानों के बीच उनकी छवि खराब कर दी। यह मुद्दा मुसलमानों के बारे में नहीं है। भले ही व्यक्तिगत मुसलमान मोदी के कितने भी समर्थक क्यों न हों, एक विचार की लहर है जो उन्हें आदेश देती है, यह करो, वह करो। मेरे घर में, मेरे आसपास सभी मुस्लिम परिवार हैं। ईद हमारे घर में भी त्यौहार मनाया जाता था और हमारे घर में दूसरे त्यौहार भी होते थे, ईद के दिन हमारे घर में खाना नहीं बनता था, जब मुहर्रम शुरू होता था तो हमारे यहां खाना आता था ताजिया के नीचे से हमें सिखाया गया। मैं आज भी उसी दुनिया में बड़ा हुआ हूं, 2002 (गोधरा) के बाद मेरी छवि खराब हो गई। यह पूछे जाने पर कि क्या इस लोकसभा चुनाव में मुसलमान उन्हें वोट देंगे, उन्होंने कहा कि देश की जनता मुझे वोट देगी. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस दिन मैं हिंदू-मुसलमान करना शुरू कर दूंगा, मैं सार्वजनिक क्षेत्र में रहने का हकदार नहीं रहूंगा। मैं हिंदू-मुस्लिम नहीं करूंगा। यह मेरी प्रतिज्ञा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में एक सार्वजनिक रैली में आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों का सोना और संपत्ति छीनना चाहती है और इसे अधिक बच्चे रखने वालों के बीच वितरित करना चाहती है। सत्ता में आने पर धन का पुनर्वितरण करने की कांग्रेस की मंशा के बारे में रिपोर्टों का जिक्र करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि पार्टी एक सर्वेक्षण कराएगी और वे महिलाओं के पास मंगलसूत्र भी नहीं रहने देंगे और इस हद तक जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री इस निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं और रिकॉर्ड अंतर से जीत की उम्मीद कर रहे हैं। मौजूदा सांसद और बीजेपी के उम्मीदवार पीएम मोदी ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चुनाव प्रचार के दौरान 53 दिनों में लीं 117 सभाएं, उठाते रहे कई मुद्दे

जशपुरनगर (विश्व परिवार)। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय अपने निर्विवाद, साफ और सरल छवि के चलते न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य राज्यों में भी लोकप्रिय हैं. उनकी इसी लोकप्रियता के चलते भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इस लोकसभा के चुनाव प्रचार में अपना प्रमुख चेहरा बनाया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का चेहरा और जलवा छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में छाया हुआ है. यही वजह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान सीएम साय ने कुल 53 दिन में 64 जनसभा समेत कुल 117 सभाएं ली हैं. इस दौरान उनके तेवर पूरी तरह आक्रामक रहे और वे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जितने हमलावर रहे उतना ही उन्होंने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और मोदी की गारंटी की लोगों के बीच चर्चा भी की.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 20 मार्च से 11 मई तक लगातार चुनावी सभाएं करते रहे. इस दौरान उन्होंने तेज गर्मी और लू की परवाह भी नहीं किया और वे लगातार जनता के बीच जाते रहे. उन्होंने प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर धुआंधार चुनावी प्रचार कर न सिर्फ आमसभा को संबोधित किया, बल्कि कई चुनावी रैलियां भी कीं. वे जहां भी गए जनता का भरपूर स्नेह, प्यार और आशीर्वाद उन्हें मिला।

इसके अलावा केन्द्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की साफ स्वच्छ छवि का उपयोग छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड में किया. जहां उन्होंने एक के बाद एक 17 आमसभाएं और रोड शो की कमान संभाली. छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री साय ने 12 कार्यकर्ता सम्मेलन, 54 जनसभा व रोड शो, 22 सामाजिक सम्मेलन किए. वहीं छत्तीसगढ़ के बाहर (मध्यप्रदेश, ओडिशा और झारखंड) 17 जनसभा एवं रोड शो, 24 सामाजिक सम्मेलन, 11 कार्यकर्ता सम्मेलन किए।

400 पार के लिए झोंकी पूरी ताकत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें 400 से पार करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. यही वजह है कि आत्मविश्वास से भरपूर मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह लोकसभा में जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं. साथ ही साय ने ओडिशा और झारखंड में भी भाजपा के पक्ष में भारी रुझान की बात कह रहे हैं।

सीएए के तहत पहली बार 14 शरणार्थी को मिली भारतीय नागरिकता

गृह मंत्रालय ने जारी किया सर्टिफिकेट

नई दिल्ली (आरएनएस)। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 (सीएए) की अधिसूचना जारी होने के बाद बुधवार को पहली बार कई लोगों को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र दिया गया। सरकार द्वारा की गई उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक इन नियमों के लागू होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये वे लोग हैं जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31.12.2014 तक भारत आ गए थे।

बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

भारत सरकार ने 11 मार्च, 2024 को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

हुगली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हुगली के श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और ममता बनर्जी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी, कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि आर्टिकल 370 को मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेंद्र मोदी का शासन है। 5 साल हो गए खून की नदियां छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब इंडी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थीं। आज पाक अधिकृत कश्मीर में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया का निधन

एमपी/दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है। पिछले 3 महीने से दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राज सिंधिया की वो पत्नी थीं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र के मुताबिक, सुबह 9:28 बजे उनकी मृत्यु हो गई और वह आखिरी कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थीं। सूत्र ने बताया कि उनका पिछले तीन महीने से प्रमुख अस्पताल में इलाज चल रहा था और वह निमोनिया के साथ-साथ सेप्सिस से भी पीड़ित थीं।

माधवी राजे सिंधिया के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त किया

रायपुर (विसं)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शोक संदेश में उन्होंने लिखा है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की पूज्य माता माधवी राजे सिंधिया जी के निधन की दु:खद खबर प्राप्त हुई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि माँ की ममता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। दु:ख की इस घड़ी में मेरी पूरी संवेदनाएं सिंधिया परिवार के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

अमेठी और रायबरेली के लोग जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे : राहुल गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपनी मां सोनिया गांधी के साथ एक एल्बम देख रहे हैं। इसमें दोनों नेता गांधी परिवार की अमेठी और रायबरेली से पुरानी यादों को लेकर बात कर रहे है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर उन्हें पापा और दादी की याद आ जाती है। राहुल गांधी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, रायबरेली और अमेठी हमारे लिए सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना-कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गई, जिनकी शुरू की गई सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई। प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है। अमेठी और रायबरेली जब भी हमें पुकारेंगे, हम वहां मिलेंगे।

अमीर और गरीब की लड़ाई है मौजूदा लोकसभा चुनाव : खड़गे

लखनऊ (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अमीरों और गरीबों के बीच हक और हुकूक की लड़ाई है जिसमें इंडिया गठबंधन पूरी तरह देश की गरीब जनता के साथ है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां एक होटल में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आजादी के बाद से यह पहला लोकसभा चुनाव है जो हर लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। सभी जानते हैं कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। इसके एक तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है जो चंद पूंजीपतियों के हक में खड़ी है और इसके लिये संविधान भी बदलने को तैयार है जबकि दूसरी ओर 26 राजनीतिक दलों का गठबंधन है जो गरीब,आदिवासी,बेरोजगार और महिलाओं के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहा है।

उन्होने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों में इंडिया गठबंधन भाजपा और उसके सहयोगी दलों से काफी आगे चल रहा है और चार जून को नतीजे चौंकाने वाले होंगे जब भाजपा का सफाया होगा और देश में गठबंधन की सरकार बनेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने तंज कसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांधी परिवार को दिन में जितनी बार कोसते हैं, उतनी बार यदि वे भगवान राम का नाम ले लें तो बेड़ा पार हो जाये। भाजपा की मुफ्त राशन योजना के बारे में उन्होने कहा कि भाजपा तो सिर्फ पांच किलो मुफ्त राशन की बात करती है जबकि उसे याद रखना चाहिये कि खाद्य सुरक्षा योजना कांग्रेस की देन है और अगर उनकी सरकार केंद्र की सत्ता में आती है तो वादा करते हैं कि हर गरीब परिवार को दस किलो राशन मुफ्त दिया जायेगा।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने भेल,एचएएल, गेल और न जाने कितने उपक्रम खड़े किये जिनमें लाखों लोगों को रोजगार मिला वहीं भाजपा इन उपक्रमों को निजी हाथों में बेचना चाहती है। लाखों सरकारी पद रिक्त होने के बावजूद नौकरी के लिये युवा मारे मारे फिर रहे हैं।

उन्होने कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर जातीय जनगणना करायी जायेगी, इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि सामाजिक विषमता बढ़े बल्कि जनगणना से यह पता लगेगा कि कौन से वर्ग की आर्थिक हालत क्या है,उसकी शिक्षा का क्या स्तर है,उसे जरुरी स्वास्थ्य सेवा मिल रही है। इससे नयी नीति बनाने में मदद मिलेगी।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि युवा वर्ग भाजपा से खासा नाराज है वहीं महिलायें किसान और गरीब महंगाई की मार से आहत हैं और यहीं भाजपा गठबंधन की हार का कारक बनेगा।

बीजेपी उम्मीदवार हड़प रहे लोगों की जमीनें : प्रियंका गांधी

ऊंचाहार/रायबरेली (आरएनएस)। तहसील क्षेत्र में बुधवार को कांग्रेस से लोकसभा उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने विधानसभा क्षेत्र के उमरन, अकोढ़िया तथा ऊंचाहार नगर में आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया।इस दौरान भारी संख्या में लोगों का हुजूम देखने को मिला।

प्रियंका गांधी ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार कहती है कि हमने 10 सालों में जो काम किया है, वो काम कांग्रेस के लोग 70 सालों में नहीं कर पाए।उन्होंने कहा कि उनकी इन बातों से हम सहमत हैं कि महंगाई व बेरोजगारी का स्तर जितना दस सालों में बढ़ा उतना कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं हुआ।मोदी प्रधानमंत्री रहते विदेश गये लेकिन दस वर्षों में कभी किसी गरीब के घर नहीं गये।उन्होंने कहा कि हम कुछ दिनों पहले नरसंहार की घटना में आदिवासियों से मिलने सोनभद्र गये थे।जहां उन्हें एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि तुम्हारी दादी यहां आई थी, जिनको हमने खीर खिलाई थी जबकि उस दौर में ऐसी जगहों पर जाने भी संसाधन व रास्ते की समस्या होती थी।

उन्होंने इशारे में बीजेपी उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी उम्मीदवार ने अपने भाईयों के साथ लूट मचा रखी है, लोगों की जमीनें हड़प रहे है। प्रधानों व कोटेदारों पर दबाव बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर पाकिस्तान बौखलाया

भारत कोई कदम उठाता है तो वो उसका जवाब देने से नहीं हिचकिचाएगा: मुमताज जहरा बलोच

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पाकिस्तान को 'चूड़ियां पहनाने' वाला एक बयान दिया था जिस पर अब पाकिस्तान बौखला गया है. मंगलवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के नेता अपने चुनावी फायदे के लिए पाकिस्तान को अपनी घरेलू राजनीति में घसीटना बंद करें. इसी के साथ ही पाकिस्तान ने भारत को गीदड़भभकी भी दे डाली है कि भारत कोई कदम उठाता है तो वो उसका जवाब देने से नहीं हिचकिचाएगा.

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री मोदी और अन्य कैबिनेट मंत्रियों की पाकिस्तान पर टिप्पणी के संबंध में कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारतीय नेताओं की आक्रामक बयानबाजी पर ध्यान देने का आह्वान करते हैं, यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है. प्रवक्ता ने कहा कि भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान भारतीय नेताओं के पाकिस्तान विरोधी बयानबाजी में बढ़ोतरी हुई है जिसे पाकिस्तान खारिज करता है. पाकिस्तानी प्रवक्ता ने आगे कहा कि अफसोस की बात है कि ये बयान पाकिस्तान के प्रति नफरत और गहरे जुनून को दिखाते हैं. इनसे स्पष्ट होता है कि जानबूझकर दिए गए इन बयानों से नेता चुनावी लाभ के लिए अति-राष्ट्रवाद का फायदा उठाना चाहते हैं. ये बयान बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आलोचना से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश का भी संकेत देते हैं. जहरा बलोच ने अपने बयान में आगे कहा कि पाकिस्तान की रणनीतिक क्षमता का मकसद अपनी संप्रभुता और अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना है. पाकिस्तानी प्रवक्ता ने भारत को गीदड़भभकी देते हुए आगे कहा कि पाकिस्तान ने पहले भी अपनी रक्षा करने के अपने संकल्प को दिखाया है और अगर भारतीय पक्ष कोई दुस्साहस करना चाहता है तो हम आगे भी ऐसा करने से नहीं हिचकिचाएंगे.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कुछ समय पहले कहा था कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं है, वहां के लोग खुद भारत में शामिल हो जाएंगे. रक्षा मंत्री के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा था, अगर रक्षा मंत्री ऐसा कह रहे हैं तो आगे बढ़ें. हम रोकने वाले कौन होते हैं? लेकिन याद रखें, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं.

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् द्वारा 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणाम घोषित

कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) में 98.48 प्रतिशत और कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) 98.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी द्वारा आज छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर आयोजित वर्ष 2024 का मुख्य परीक्षा परिणाम विद्यामण्डलम् कार्यालय में घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम 96.35 प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 3 हजार 504 परीक्षार्थी (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) शामिल हैं, जिसमें बालक 2 हजार 90 एवं बालिकाएं 1 हजार 414 हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे जिसमें (9वीं से 12वीं) में 3 हजार 196 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें बालक 1 हजार 891 और बालिकाएं 1 हजार 305 उत्तीर्ण हुए।

कक्षा पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं) का परीक्षा परिणाम 98.48 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (10वीं) में दर्ज संख्या 801 (बालक 503, बालिकाएं 298) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 777 (बालक 486, बालिकाएं 291) परीक्षा में उर्तीण रहे। 470 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 284 बालक-बालिकाएं

द्वितीय स्थान पर रहे तथा 23 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 7 परीक्षार्थी पूरक आएं एवं 5 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। प्रावीण्य सूची में गोस्वामी रामरतन संस्कृत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जर्वे जांजगीर-चांपा की छात्रा चंद्रभागा कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं) का परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा (12वीं) में दर्ज संख्या 589 (बालक 333, बालिकाएं 256) था जिसमें परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थीयों की संख्या 565 (बालक 317, बालिकाएं 248) परीक्षा में उर्तीण रहे। 462 बालक-बालिकाएं प्रथम स्थान मिला एवं 96 बालक-बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रहे तथा 7 बालक-बालिकाएं तृतीय स्थान पर रहे तथा 9 परीक्षार्थी पूरक आएं। प्रावीण्य सूची में श्री रामेश्वर गहिरा गुरू संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीकोट जिला बलरामपुर की छात्रा यामिनी भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के सचिव श्रीमती अलका दानी ने कहा कि मण्डल की मुख्य परीक्षा 2024 की परीणाम घोषित करने में मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी अमूल्य सहयोग रहा है। इसके लिए मण्डल के सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र है। समस्त सफल परीक्षार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देती हूं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। जो परीक्षार्थी असफल हो गए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान में रखते हुए पुन: कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सम्मिलित होने पर सफलता अवश्य मिलेगी।

इस अवसर पर श्री दूधाधारी वैष्णव संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. तोयनिधि वैष्णव, आर्षज्योति गुरुकुल संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश अहीर, रामबन्द्र संस्कृत विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेश तिवारी के साथ अन्य विद्यालयों के प्राचार्यगण और छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

कलेक्टर ने नगर का भ्रमण कर विभिन्न निर्माणधीन कार्यों का लिया जायजा, समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने दिए निर्देश

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर के.एल. चौहान ने आज जिला मुख्यालयों में नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें मुख्य मार्ग में बनाये जा रहे पाथवे, मण्डी काम्पलेक्स, हाट बाजार, पौनी पसारी, एसआरएलएम सेंटर, नगर भवन, स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल, मुरूम तालाब चौपाटी, पीपराहा तालाब सहित गार्डन चौक गार्डन एवं मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन का जायजा लिया। उन्होनें कुछ स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर ही पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही पाथवे के आसपास पानी न रूके इसके लिए तराई करने एवं पाथवे के पूरे कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ को दिए है। इसी तरह हाट बाजार में बनाये जा रहे शेड को भी डेढ़ माह के भीतर ही पूर्ण कर आबंटन करने कहा गया है। कलेक्टर ने मण्डी काम्पलेक्स का भी मुआयना कर उपस्थित व्यापारियों से भी भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने एक यूरिनल की मांग की जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ उचित जगह चिन्हांकन बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने मण्डी परिसर में ही संचालित मणीकंचन केन्द्र का भी जायजा लिया इस दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन को साइंस पार्क की तरह विकसित करने एवं गार्डन चौक गार्डन में घांस लगाने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मुरूम तालाब में बनाये जा रहे चौपाटी की फाइल के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट सीएमओ को प्रस्तुत करने कहा गया है एवं मुरूम तालाब को अच्छे से बनाते हुए तालाब में पानी भरने की संभावनाओं की जानकारी ली है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल में गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए अच्छे से दरवाजे एवं प्लंबिंग के कार्य करने कहा गया है। स्कूल ग्राउण्ड में 10 फीट का पाथवे सहित गार्डनिंग करने एवं दिव्यांगों के लिए हैण्डलिंग युक्त शौचालय बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, बलौदाबाजार लोक निर्माण एसडीओ एम एल नायक, वरिष्ठ सब इंजीनियर विभाकर जोशी, सीएमओ खिरौद भोई सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

राजिम नगर में आज श्री श्वेतांबर संघ के तपस्वी मुनियों का हुआ आगमन

नयापारा राजिम (विश्व परिवार)। नगर में आज श्री शवेतांबर श्री संघ के परम तपस्वी विनय मुनि जी एवं तपस्वी मुनि श्री विराग मुनि जी आदी ढाना 6 तपस्वीयों का नगर आगमन हुआ. मुनि श्री का पद बिहार करते हुए रायपुर की ओर से प्रात: 6 बजे नगर में सर्वप्रथम नसिया जी में प्रवेश हुआ .नसिया जी में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष किशोर सिंघई उपाध्यक्ष सुरित्त जैन प्रभारी श्री संजय पाटनी अंकित गदिया नीरज गंगवाल आदि लोगों ने मुनि श्री की अगवानी की मुनिश्री जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया तत्पश्चात संघ पद बिहार करते हुए समाधि स्थल पहुंचे वहां से दिगंबर जैन पारसनाथ मन्दिर में दर्शन कर सदर रोड होते हुए शांतिनाथ जिनालय पहुँच कर श्री जी के दर्शन किये . वहाँ निर्माणाधीन जिनालय का निरीक्षण कर आशीर्वाद प्रदान किया तत्पश्चात मुनि श्री गांधी चौक होते श्वेतांबर मंदिर पहुंचे वहां मुनि संघ की आगवानी ट्रस्ट मण्डल के साथ रिखब चंद बोथरा स्वरूप टाटिया लालचंद बंगानी विजय राज भंडारी संतोष बोथरा लालचंद बंगानी विजय राज भंडारी आदि अनेक लोगों ने किया तत्पश्चात अरहम बहू मंडल के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया पायल बाफना द्वारा बहुत ही सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई मुनि श्री जी ने दर्शन कर सभी नगर वासियों को अपना आशीर्वचन प्रदान किया. श्वेतांबर मंदिर में सकल जैन समाज के अध्यक्ष शिखर बाफना उपाध्यक्ष राजकुमार बोथरा सचिव अभिषेक दुग्गड़ अजय कोचर आशीष टाटिया सहित श्वेतांबर श्री संघ के गण मान्य लोगों ने मुनि संघ का स्वागत वंदन अभिनंदन किया .

मुनि श्री विराग मुनि जी की तपस्या वर्तमान सभी मुनी सघ में श्रेष्ठ है पिछले वर्ष इन्होंने लगातार 170 दिन का उपवास किया था एवं वर्तमान में भी उनका वास चल रहा है आज 62 वा उपवास उनका हो गया है इतने उपवास के पश्चात भी मुनि श्री बिहार करते हुए नयापारा नगर पहुंचे . नयापारा नगर के सकल जैन समाज के लोगों के साथ ही बाहर के श्रद्धालु भी मुनि श्री के दर्शन हेतु पहुंचे राजनांदगांव के सकल जैन समाज के अध्यक्ष श्री मनोज वेद जी को सकलजैन समाज के अध्यक्ष शिखर बाफना द्वारा तिलक साल से सम्मानित किया गया. अंत में सकल जैन समाज के अध्यक्ष शहर भोपाल में सभी का आभार व्यक्त किया एवं मुनिश्री के सानिध्य में प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रवचन का लाभ लेने का लोगों से निवेदन किया.

शरीर के कोड़ी तो बाहर से दिखते हैं लेकिन मन के कोड़ी बाहर से नहीं दिखते : मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज

विदिशा (विश्व परिवार)। शरीर के कोड़ी तो बाहर से दिखते हैं लेकिन मन के कोड़ी बाहर से नहीं दिखते ऐसे व्यक्तिओ का मन टीव्ही मोवाइल तथा पाप की क्रिआओं को देखने करने में तो लगता है, लेकिन उनकी इच्छा सामुहिक पूजा, महाराज के दर्शन करने की नहीं होती। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के दूसरे दिन व्यक्त किये। उन्होंने कहा कर्म योग से आपको जैन कुल तो मिल गया, लेकिन नीच प्रवत्ति नहीं गयी पुण्य संयोग से कुलीन सहधर्मिणी मिल गयी पत्नी को मंदिर छोड़ने तथा पूजा की समाप्ती पर लेंने भी आ गये लेकिन ऐसे लोग गेट के बाहर स्कूटर पर खड़े खड़े मोवाइल चलाऐंगे, फोन से बतियाते रहेंगे लेकिन फिर भी अंदर आकर भगवान के या महाराज के दर्शन नहीं करेंगे ऐसे व्यक्ति को कर्म भी कहता है कि जब हमने तुझे अच्छा शरीर और अच्छा कुल दिया अच्छी बुद्धि दी फिर भी तुमने उसका सदुपयोग नहीं किया तो अगली पर्याय में उसे कोड़ी रोगी शरीर तथा नीच कुल मिलता है। उन्होंने कहा कि सामुहिक पाप कर्म के उदय से ही सुनामी प्राकृतिक प्रकोप महामारी, बस एवं रेल एक्सीडेंट जैसी बड़ी घटनाएं घटती है। **-अविनाश जैन**

झारखण्ड प्रवास के दौरान गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के पक्ष में भावना बोहरा ने किया चुनाव प्रचार

झारखण्ड की जनता भाजपा के साथ, गोड्डा लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 14 सीटों पर होगी जीत : भावना बोहरा

रायपुर (विश्व परिवार)। झारखण्ड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु पार्टी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया है। अपने दायित्व को पूरा करते हुएभावना बोहरा लगातार झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों में लगातार कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहीं हैं वहीं विभिन्न सामाजिक महिलाओं को भी एकजुट कर भाजपा के प्रकश में मतदान करने की अपील कर रहीं हैं।

झारखण्ड प्रवास के प्रथम दिन भावना बोहरा ने देवघर के धार्मिक स्थल बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ धाम में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ के समस्त निवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और परिचात्मक बैठक में अन्य प्रावी विधायकों के साथ सम्मिलित होकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के निवास में छत्तीसगढ़ से गए सभी प्रवासी विधायकों व वरिष्ठ नेता के साथ उन्होंने मुलाकात की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की। विदित हो कि भावना बोहरा लगातार बैठकें कर क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहीं हैं और जनता से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहीं हैं। वे लगातार महिलाओं, युवाओं को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं व गारंटी के बारे में जानकारी दे रहीं हैं इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों व प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने व उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उठाये जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वंगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में भी जनता के बीच भाजपा की रीती-नीति की जानकारी दे रहीं हैं।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई,** रायपुर में स्थित दुकान क्र. **बी-76, श्री मन्नु लाल सोनी पिता श्री दीनानाथ सोनी,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक **5618** दिनांक **27.09.2010** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **10.01.2013** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **16.03.2023** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता **श्री योगेश गोवानी पिता स्व. श्री दौलत राम गोवानी,** पता- दौलतराम दीवानचंद बजरंग मंदिर के पास, गोलबाजार, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **21.03.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री योगेश गोवानी पिता स्व. श्री दौलत राम गोवानी,** द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई,** रायपुर में स्थित दुकान क्र. **सी-98, श्री रतनलाल हरचंदानी पिता श्री कुंदनमल हरचंदानी,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 189 दिनांक **28.11.2014** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **12.02.2015** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **07.03.2024** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता **श्री जगदीश कुकरेजा पिता श्री नंदलाल कुकरेजा,** पता- वार्ड नं.-61, सिंधी धर्मशाला के पास, लाखेनगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक **21.03.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्री जगदीश कुकरेजा पिता श्री नंदलाल कुकरेजा,** द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी** रायपुर में निर्मित भवन में से **जनता-367 बी श्री पी. नारायण राव पिता स्व. श्री पी.वी. स्वामी** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी दिनांक **16.09.1994** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **09.03.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्री विनोद कुमार वर्मा पिता श्री रतन लाल वर्मा** को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांगी की है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

जारी दिनांक 13/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **राजीव पांडे पिता बी.एल. पांडे** निवासी- छोटापारा, रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम **दलदलसिवनी** प0ह0नं0 **41** रा0नि0म0 रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर **681/4** रकबा **0.0380 हे.** भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक **21/05/2024** को समय **03:00 बजे** पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
राजस्व निरीक्षक
रायपुर-07, (मोवा)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11260/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 15-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11260
वार्ड का नाम-18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110C00123** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **P.V. PADMANABHA RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJEEV RAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **P. MADHUSUDAN RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI P.V. PADMANABHA RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत, **सूर्या अपार्टमेंट, कटोरा तालाब, रायपुर में** स्थित **दुकान क्रमांक-01, भू-तल** को **(1) एम.एल. डेव्लपर्स पार्टनर श्री संतोष लोहाना पिता स्व. श्री अशोक लोहाना एवं (2) श्री मुकेश कुमार डोडाई पिता श्री बृजलाल डोडाई,** के संयुक्त नाम एकमुश्त आधार पर आबंटित है। संयुक्त आंबटी द्वारा दि. **21.11.2023** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होडल) निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी क्र. **(1) एम.एल. डेव्लपर्स पार्टनर श्री संतोष लोहाना पिता स्व. श्री अशोक लोहाना** द्वारा हकत्याग विलेख दिनांक **19.01.2024** के माध्यम से आबंटी क्र. **(2) श्री मुकेश कुमार डोडाई पिता श्री बृजलाल डोडाई** के पक्ष में हकत्याग कर दिया गया है। वर्तमान में हकग्रहिता आबंटी क्र. **(2) श्री मुकेश कुमार डोडाई पिता श्री बृजलाल डोडाई** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् मण्डल अभिलेख में अपने एकल नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

जैन अतिशय क्षेत्र करगुवा जी झांसी में विश्व जैन संगठन कार्यकारिणी ने किए दर्शन

आसपास के क्षेत्र में प्रदीप जैन आदित्य के समर्थन में किया प्रचार

झांसी (विश्व परिवार)। ललितपुर लोक सभा प्रत्याशी श्री प्रदीप जैन आदित्य के समर्थन और प्रचार के लिए आज 15 मई को दिल्ली से विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमान यश जैन, सह कोषाध्यक्ष मयंक जैन, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री प्रदीप जैन, युवा प्रकोष्ठ से देवेश जैन व संगठन के अन्य सदस्य और गुना शिवपुरी लोकसभा प्रत्याशी श्री महेंद्र जैन भैयन जी पधारे जिनका करगुवा अतिशय क्षेत्र, झांसी के मंत्री श्री शिरोमणि जैन एवं प्रवीण जैन दीनदयाल नगर ने स्वागत किया।

करगुंवा क्षेत्र में प्रदीप जैन के समर्थन में प्रचार के लिए आए

रजनीश जैन, बीके जैन, नोएडा बॉबी जैन, सुनील जैन, प्रीति शिरोमणि जैन, श्वेता जैन, शैली जैन, रचना जैन, सुनील जैन दाऊ, कल्पना जैन एवं काफी संख्या में आए हुए लोगों ने सभी का तिलक लगाकर और माला पहनकर स्वागत किया इसके उपरांत सौम्या जैन और श्रीमती अर्चना गुप्ता और शिरोमणि जैन एडवोकेट, प्रीति जैन के नेतृत्व में करगुवा जी ग्राम का सभी लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और अपने जनप्रिय प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को बहुमत से विजय श्री दिलाने का निवेदन किया। चुनाव प्रचार में सुरेश कुशवाहा, रामकुमार यादव टोली यादव आदि उपस्थित रहे। **-आकाश जैन**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11393/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 15-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11393
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00335** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SRICHAND ASHPALIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री निशांत अशपिल्या- पिता स्व. श्री अशोक अशपिल्या** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. ऋषिता मनोज सचदेव- पिता स्व. श्री अशोक अशपिल्या, 3. दिव्यांशी मदनानी- पिता स्व. श्री अशोक अशपिल्या** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11365/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 15-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11365
वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737A00015** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BHAGWATI BAI RATHOD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGAN LAL RATHOD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री विशाल राठौर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री सुभाष चंद्र राठौर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11400/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 14-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11400
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00426** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LATA GAJENDRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHEMRAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. KHUSHBU DEVI W/O KUNAL KUMAR SINGH 2. KUNAL KUMAR SINGH S/O NAWALKISHOR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. KHUSHBU DEVI W/O KUNAL KUMAR SINGH 2. KUNAL KUMAR SINGH S/O NAWALKISHOR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11417/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 14-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11417
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00365** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ISHWAR UTTAMRAO DHARMIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UTTAMRAO DHARMIK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SARITA HIYAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. SADHURAM HIYAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11459/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 14-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11459
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00556** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRADEEP DESHMUKH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRASHEKHAR DESHMUKH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BALIWADA ANURADHA PATNAIK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHIMESHWAR RAO PATNAIK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11463/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 14-05-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 11463
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00485** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RUPESH KUMAR PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAN LAL PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUSHIL KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREM KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./6151/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 25-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 6151
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01125** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ASHUTOSH TRIPATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. VIRENDRA KUMAR TRIPATHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAMTA DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O PURAN DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 80 दिनांक 14.05.2024
वार्ड का नाम- इंदिरा गांधी वार्ड
वार्ड क्र. 34 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **34** मांग **पंजी क्र. 359 युआईडी 28761** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **खिलावन मानिकपुरी / पुनउदास मानिकपुरी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कुंती बाई साहू / नकुल राम** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **13-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

10वीं, 12वीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

टैबलेट, किताबें देकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने किया प्रेरित

कोरबा(विश्व परिवार)। दसवीं और बारहवी बोर्ड के नतीजें आने के साथ खुशियों में समाएं शुभ अग्रवाल, गामिनी कुमारी और कृतिका कुमारी के लिए सोमवार का दिन भी खुशियों से भरा रहा। जिले के गौरव इन तीनों होनहार विद्यार्थियों से मिलते ही कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने न सिर्फ उनकी पीठ थपथपाई, अपितु मिठाई खिलाकर टैबलेट देकर उन्हें लक्ष्य हासिल करने और सफलता की राह में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के हाथों टैबलेट और उनसे मिले सम्मान पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह टैबलेट उनके बहुत काम आएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान चुनौतियां भी सामने आती हैं। आप सभी को चुनौतियों से घबराना नहीं है। जो भी लक्ष्य है उसे प्राप्त करना है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में

राज्य में मेरिट आने वाले तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर, हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री मनोज पाण्डेय, सहायक संचालक के.आर. डहरिया आदि उपस्थित थे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में राज्य में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री अजीत वसंत से मुलाकात के दौरान अपनी-अपनी अध्ययन तथा लक्ष्य और रूचियों को साझा किया। कलेक्टर ने उन्हें कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी दिए। इस दौरान दसवीं कक्षा में पांचवा और दसवां स्थान प्राप्त करने वाली जिले के होनहार छात्रा गामिनी कुमारी कंवर एवं कृतिका कुमारी कंवर ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहती हैं।

सरपंच और ग्रामीणों ने पकड़ा दो लोगों को अवैध शराब के साथ, कार्रवाई की मांग

कोरबा(विश्व परिवार)। रामपुर पंचायत के आश्रित ग्राम चंदनपुर में अवैध शराब बनाने और बेचने का काम शुरू हो गया है। आमाखोखरा इलाके में रहने वाले दो लोग इस काम को अंजाम दे रहे हैं। पिछली रात सरपंच पुराण सिंह और कुछ ग्रामीणों ने शराब के साथ दोनों व्यक्तियों को दबोचा। आज इस बारे में पुलिस से शिकायत की गई। ग्रामीण चाहते हैं कि अवैध काम में लगे तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कोरबा जिले के कटघोरा पुलिस थाना अंतर्गत चंदनपुर में यह मामला यहां के ग्रामीणों के

लिए मुसीबत बना हुआ है। पता चला कि चैहान और गाड़ा नामक दो लोग अपने ठिकाने पर अवैध शराब बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आमाखोखरा को इसके लिए चुना हुआ है। शराब तैयार करने के साथ इसे आसपास में बेचने और आमदनी करने का सिलसिला जारी है। लंबे समय के बाद इस तरह की हरकतें इनकी ओर से फिर शुरू की गई। इससे पहले दो-तीन मौकों पर इन लोगों को पुलिस और आबकारी विभाग ने पकड़ा था लेकिन बेहद सामान्य कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। यही कारण है कि अवैध काम में लगे इन लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। एक प्रकार से उन्हें किसी का डर नहीं रह गया है इसलिए उन्होंने अब अपने काम को बढ़ाने की पूरी तैयारी की है। खबर के मुताबिक पिछली रात्रि को सूचना प्राप्त होने पर सरपंच और कुछ लोग ठिकाने पर पहुंचे। मौके से इन दोनों अराजक तत्वों के कब्जे से 10 लीटर शराब जब्त की गई। इसे गंभीर काम माना गया।

पत्नी के साथ बाजार गए पति के गले में चाकू से हमला

कोरबा(विश्व परिवार)। अपनी पत्नी के साथ बाजार गए पति के गले पर अज्ञात नकाबपोश युवक ने चाकू से वार कर दिया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पसान पुलिस थाआ अंतर्गत ग्राम पंचायत पसान के आश्रित मोहल्ला तेलियामार का है। बताया जा रहा है कि ग्राम लाटा निवासी युवक विक्रम पत्नी के साथ तेलियामार गांव में अपने ससुराल आया हुआ था। पसान में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने वह अपनी पत्नी आंचल के साथ गया था। दोनों बाजार से पैदल लौटते समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे सुनसान स्थान पर पहुंचे थे कि वहां झाड़ियों के पास से एक नकाबपोश निकलकर आया और उस पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया। गला में चाकू लगते ही खून बहने से विक्रम गिर गया, तब उसकी पत्नी के शोर मचाने लगी तो नकाबपोश भाग गया। पत्नी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए और उसे आनन-फानन में पास ही पसान हास्पिटल पहुंचाया। जहां विक्रम के गले में 17 टांका लगाया गया। घायल की पत्नी आंचल ने बताया कि गांव से लगे हुए बाजार होने के पैदल गए हुए थे। वापस लौटते समय यह वारदात हुई। पसान पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जांच कार्रवाई शुरू करते हुए घायल युवक का हाल-चाल जाना। घायल की पत्नी का बयान दर्ज किया गया है।

पब्लिक सेक्टर में बेरोजगारों के लिए खुल सकती है लॉटरी

कोरबा(विश्व परिवार)। मिनी इंडिया के नाम से पहचाने जाने वाले कोरबा जिले में आने वाले दिन उन बेरोजगारों के लिए बेहतर हो सकते हैं जिन्होंने औद्योगिक स्तर पर दक्षता हासिल की है और अब तक काम की तलाश में यहां-वहां भटक रहे हैं। जिले के पब्लिक सेक्टर्स से इस बारे में जानकारी मांगे जाने के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा कोरबा जिले में संचालित सभी पीएसयू से अगले पांच दिन में इस बारे में जानकारी मांगी है। कोरबा जिले में नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन जैसे संस्थान पीएसयू के तौर पर काम कर रहे हैं। मौजूदा मामला इनसे ही जुड़ा हुआ है। अलग-अलग श्रेणी के कई काम प्रबंधन ने आउट सोर्सिंग पर दे रखे हैं। इसी को लेकर कई मौकों पर विवाद खड़ा होता रहा है कि जिले के बेरोजगारों को काम देने के बजाय दूसरे राज्यों को महत्व दिया गया है। भाजपा सरकार आने के बाद इस मामले में समाधान खोजने के लिए काम किया जा रहा है। पब्लिक सेक्टर से जानकारी मांगी गई है उसने अपने यहां स्थानीयों को कितना महत्व दिया है, इस बारे में अपडेट किया जाए। माना जा रहा है कि सही जानकारी आने के साथ जिले के बेरोजगारों को काम देने का रास्ता खुलेगा। नियमत: ऐसे संस्थानों में 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को काम देने का प्रावधान है। दूसरी ओर लेबर सप्लाई के काम से जुड़े हुए लोग संकेत मिलने के बाद अपने स्तर पर सक्रिय हो गए हैं।

चार पहिया वाहन की टक्कर से गिरे बाइक सवार युवक की ट्रेलर के चपेट में आने से मौत

दुर्घटना कारित ट्रेलर जब्त, थार वाहन की तलाश

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा रोड में ग्राम जेंजरा के पास गोड़मा नाला के समीप तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक चालक नीचे गिर गया और ट्रेलर की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। वहीं बाइक में सवार एक अन्य व्यक्ति को व छह वर्षीय मासूम को चोटें लगी। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि थार वाहन तेज गति से जा रहा था और चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन करते हुए टक्कर मार दी। घटना के बाद थार वाहन चालक रूकने के बजाए भाग गया। घटना से आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। नाराज लोगों ने भारी वाहनों की आवाजाही रोक दिया। भीड़ लगने व अन्य वाहनों को रोके जाने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी मिलते ही कटघोरा पुलिस स्थल पर पहुंची और समझाइश देकर लोगों को हटा। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। मौके पर पहुंची डायल 108 वाहन ने घायलों को उपचार के लिए कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहीं मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार मृतक व घायल एनटीपीसी जमनीपाली निवासी दिनेश राव बताया जा रहे है, जो अपने रिश्तेदार संतराव व मासूम के साथ बाइक में एनटीपीसी जा रहा था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना कारित ट्रेलर जब्त कर लिया है और थार वाहन की तलाश शुरू कर दी है। कटघोरा थाना प्रभारी निरीक्षक धरम तिवारी का कहना है कि बाइक सवार ने ट्रेलर को ओवहरटेक करने का प्रयास किया, इस दौरान घटना हुई और चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि वाहनों की तेज रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है। छोटे बड़े सभी वाहन तेज रफ्तार से चल रहे हैं।

अप्पू गार्डन में असामाजिक तत्वों ने की मारपीट

उत्पाती युवकों पर कार्यवाही करने निगम ने पुलिस को लिखा पत्र

अप्पू गार्डन की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया आयुक्त ने, घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने के दिए निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। नगर पालिक निगम के अप्पू गार्डन में असामाजिक तत्वों की वजह से विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। रविवार को हुई मारपीट की घटना के बाद नगर निगम ने पुलिस को असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने तथा सुरक्षा व्यवस्था और अधिक दुरूस्त करने अधिकारियों से कहा है। सीएसईबी चैक स्थित अप्पू गार्डन में गर्मी के दौरान वेव पुल का संचालन किया जाता है। वर्तमान में निगम द्वारा वेव पुल को आमजनों के लिए खोल दिया गया है। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्व भी अप्पू गार्डन पहुंच रहे हैं और विवाद होने की स्थिति में मारपीट कर रहे है। रविवार को अप्पू गार्डन में कुछ लड़को के मध्य मारपीट हो गई। इस घटना से उपस्थित लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने अप्पू गार्डन के संचालन से जुड़े लोग भी सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने और गैर जिम्मेदार बनने का आरोप लगाया। इस घटना को नगर निगम ने गंभीरता से लिया है। नगर निगम ने कहा है कि विवेकानंद उद्यान में वेवपूल का संचालन दो पालियों में संचालित हो रहा है। इसमें प्रथम पाली में परिवार एवं महिलाओं के लिए तथा द्वितीय पाली में पुरूष वर्ग के लिए संचालित करने की व्यवस्था की गई है। रविवार को अन्य दिवसों की भांति वेवपूल का संचालन सुचारू रूप से चल रहा था। दूसरी पाली का संचालन पुरूष वर्ग के लिए प्रारंभ कर दिया गया था, इसी बीच सैकड़ों की संख्या में उत्पाती युवकों एवं असामाजिक तत्व उद्यान की बाउंड्रीवाल को फांद कर अंदर घुसे तथा आपस में लड़ाई झगड़ा व गाली गलौच करते हुए मारपीट व उद्यान में तोड़फोड़ करने लगे। उद्यान में उपस्थित पुलिस का एक जवान सहित निगम के तीन गार्ड युवाओं को संभालने की कोशिश की, किंतु युवाओं की तादात सैकड़ों में थी। घटना को देखते हुए उद्यान की व्यवस्था संभाल रहे सहायक अभियंता विपिन मिश्रा ने घटना की सूचना सीएसईबी पुलिस चैकी को दी। सूचना पाकर पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे तथा उत्पाती युवकों को वहां से खदेड़ा, स्थिति को सामान्य कराया।

संक्षिप्त समाचार

राजहरा व्यापारी संघ ने की कलेक्टर ने मुलाकात

दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)। जिला कलेक्टर से 13 मई को बालोद कार्यालय में चर्चा हुई कलेक्टर ने काफी सहज और सरल भाव से राजहरा व्यापारी संघ की टीम से चर्चा की। राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने राजहरा में पानी की समस्या को लेकर बोर खनन करवाने की मांग की जिस पर उन्होंने तत्काल बीएसपी प्रबंधन को निर्देशित किया कि जहां परेशानी है वहां तत्काल बोर करवाया जाए। जल आवर्धन योजना के विषय में उन्होंने हमारे सामने ही जिला स्तरीय अधिकारियों से बात की और रायपुर में संबंधित विभाग से भी बात की, जहां बताया गया कि यह योजना रिवाइज के लिए गया हुआ है। उसे भी प्रयास कर जल्द से जल्द शीघ्र करवाया जाएगा। जमीन की खरीदी तथा उसकी रजिस्ट्री व डायवर्सन का सरली करण करने का आग्रह हमने किया इस पर उन्होंने जानकारी दी की शासन का जल्द आदेश आने वाला है जिससे हर किसी के लिए जमीन की रजिस्ट्री एवं डायवर्सन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी और बहुत ही सरलता से लोगों के काम हो जाएंगे। श्री वाधवानी ने बताया कि मुख्य मार्ग के पुराना बाजार चौक, बस स्टैंड चौक, एवं गुप्ता चौक पर हाई मास्क लाइट लगाने का निवेदन हमने किया, इस पर कलेक्टर डीएमएफ में फंड से उसे स्वीकृत किया जाएगा ऐसा वचन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय विद्यालय की टीम दो दिन पहले दल्लीराजहरा जाकर निरीक्षण कर गई है। वहां से ओके होने पर ही विद्यालय चालू हो जाएगा हमारी ओर से कोई कार्य रुका नहीं है ऐसा कलेक्टर ने कहा। आज उनसे मुलाकात करके काफी अच्छा लगा काफी समय हमारी टीम को उन्होंने दिया उसके लिए कलेक्टर का व्यापारी संघ आभार व्यक्त करता है ।

युवकों के दो ग्रुपों में खूनी झड़प

अंबिकापुर(विश्व परिवार)। सोमवार की रात शहर के रामानुजंगज रोड में युवकों के दो समूह में हिंसक झड़प हो गई। जान बचाने समीप के पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसे युवक पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना के बाद सभी तेजी से भाग निकले। घायल युवक को मेडिकल कालेज अस्पताल से हायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। पेट्रोल पंप के सीसी कैमरे में संपूर्ण घटना कैद हो गई है। इसी आधार पर पुलिस आरोपितों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।सोमवार रात पेट्रोल पंप पर सिर्फ दो सेल्समेन थे। अचानक एक युवक भागते हुए पेट्रोल पंप के कार्यालय में आकर घुस गया। उसके पीछे-पीछे मोटरसाइकिल तथा दौड़ कर आए युवक भी पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गए। युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। चाकू और दूसरे धारदार हथियार से प्रहार के बाद सभी भाग गए। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भी पहुंच गई थी। पेट्रोल पंप के कार्यालय के फर्श तथा परिसर में कहीं -कहीं खून के दाग और छींटे लगे हुए थे।८द्यह्यश्र ऋद्धड्ढस्र - कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खनिज विभाग ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई घटना में शहर के रामानुजंगज रोड ,सत्तीपारा, तकिया रोड क्षेत्र के युवा शामिल थे। इनमें से अधिकांश के नशे में होने की बात कही जा रही है। इन सभी ने पेट्रोल पंप के नजदीक ही किसी ठेले अथवा झाला में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन किया था। उसी दौरान किसी पुराने बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ। यही विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। घायल युवक को गंभीर चोट है। रात में ही उसे हायर सेंटर रिफर किया गया है। घटना में संलिप्त युवकों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

युवक ने पत्नि व बच्ची की हत्या कर की आत्महत्या

कोरबा(विश्व परिवार)। गत 09.मई.2024 को सुचना प्राप्त हुई की भाठापारा कुकरीचोली में जयराम रजक के मकान भीतर कमरे में 03 व्यक्तियो का शव पड़ा है कि सुचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराकर घटना स्थल रवाना हुए। मौके पर उपस्थित मृतक के भाई श्रीराम रजक पिता स्व बुधवारसाय रजक सा0 भाठापारा कुकरीचोली के बताये अनुसार मर्ग इंटीमेंशन चाक कर शव का पंचनामा कार्यवाही बाद पीएम कराया गया। प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करना पाये जाने पर अपराध धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के द्वारा मामले की गंभीरता से जांच करने के संबंध में निर्देशित करने पर अति0 पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री युबीएस चैहान (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक श्री रविन्द्र मीणा (भा.पु.से) के मार्गदर्शन पर मामले में गंभीर से विवेचना कर हर पहलु में जांच प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटना से मृतक जयराम रजक का लिखा सुसाईड नोट जिसमें मकान निर्माण का बकाया राशि 188100रू. संतोषी पति लाल सिंह निवासी सिलयारीभाठा के द्वारा नहीं देने से मरने जा रहा हूँ लेख है प्राप्त हुआ।

संपादकीय

अंतिम मुहर परिणाम ही होगा

अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आते ही ताल ठोकने लगे हैं। वे भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावनाओं पर संशय पैदा कर रहे हैं। उनकी तर्ज पर गारंटीमय हो रहे हैं। कल रविवार को उन्होंने लोक-लुभावनी 10 गारंटी दीं, वे भाजपा के लिए-खुद उनके लिए भी-तलवार की तेज धार होने वाली हैं। इनमें अन्यों की तरह ही कुछ अतिवाद हैं। जैसे चीन से जमीन लेना, दो करोड़ रोजगार देना और हर घर को बिजली एवं गरीबों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा। पर यह कांग्रेस के घोषणापत्र के साथ मिलकर भाजपा का घेराव बनाती है। चुनाव प्रचार के जिस एकल ध्येय से सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी, उसमें वे धार दे रहे हैं। मोदी को उन्हीं की बोली-बानी और कार्यशैली में जवाब दे रहे हैं। तो क्या इसीलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था ताकि वे गुजरात में विकल्प का अर्थ न बन सकें? वस्तुत: ऐसा है नहीं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी को वैध माना है। आबकारी मामले के मेरिट पर भी प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है। उनको दो जून को समर्पण का आदेश दिया है। जब यह सब है ही तो फिर अंतरिम जमानत क्यों? कोर्ट का कहना है कि वे आदतन अपराधी नहीं, चुने सीएम हैं, चुनाव पांच साल में आता है। प्रचार करने देने में कोई हर्ज नहीं है। फिर झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन पर इसी नजरिए से विचार क्यों नहीं हुआ जबकि चुनाव उनकी भी पार्टी लड़ रही है? न्यायालय का यह 'सेलेक्टिव एप्रोच' आम जनमानस को पच नहीं रहा है। इसलिए भी कि ईडी की इस ठोस दलील की उपेक्षा की गई है कि तब हरेक विचाराधीन राजनीतिक कैदी को चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर करना होगा। इससे जमानत का नया आधार बनेगा। इससे समानता के सिद्धांत का विभाजन होगा। केजरीवाल की अंतरिम रिहाई इसलिए अटपटी लग रही है। अब इसका राजनीतिक-न्यायिक संदेश जो भी हो, पर दिल्ली के मुख्यमंत्री बाहर हैं। वे इंडिया गठबंधन के मजबूत और विजयी होने की अवधारणा बनाने में राहुल गांधी की आक्रामकता से मिलकर अपना योगदान दे रहे हैं। तीन चरणों के चुनावों में मतों की गिरावट में भाजपा की अंदरूनी लड़ाई और मोदी के भाषणों में उठाए मुद्दों के आधार पर जो परिदृश्य बन रहा है, वह सत्ता-प्रतिष्ठानों के तमाम अंगों पर पड़ने वाले दबावों को जाहिर करता है। जनता के संदर्भ में एक नए आकलन पर विचार शुरू होने का संकेत देता है। विपक्ष के लिए यह सांत्वना है।

घोषणापत्रों में गोवंश आश्रय का मसला नदारद

प्रताप सिंह पटियाल

कृषि प्रधान देश भारत में कृषि अर्थव्यवस्था की आधारशिला गोवंश पर तशद्दुद व दुर्दशा नदामत का सबब है। लावारिस गोवंश को आश्रय देने के लिए सरकारों को इच्छाशक्ति दिखानी होगी तथा समाज को भी योगदान देना होगा, ताकि समस्या का समाधान हो सके 'कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या'। सन् 1967 की ब्लाक्बस्टर फिल्म 'उपकार' के लिए मशहूर गीतकार 'इंदीवर' द्वारा लिखा गया यह नगमा मुल्क की सियासत पर सटीक बैठता है क्योंकि इंतखाबी तश्हीर के दौरान लोगों से किए गए सियासी वादे अक्सर अंजाम तक नहीं पहुंचते। इक्तदार हासिल होने के बाद प्रजातंत्र के कई अहम मुद्दे सियासी बंदरबाट का शिकार हो जाते हैं। चिरस्थाई हो चुके देश के कुछ मुद्दों का समाधान निकालने में सियासी व्यवस्था विफल रही है तथा भविष्य में समाधान निकलने की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। हमारे सियासी रहनुमां देश को विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने के दावे करते हैं। आत्मनिर्भर भारत का नारा बुलंद किया जाता है। कर्ज के बोझ तले डूब चुके किसानों को कृषि कर्ज के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक कृषि का मश्विरा पेश किया जाता है। स्वस्थ जीवनशैली के लिए गौ आधारित प्राकृतिक कृषि उत्पादों को अपनाने की सलाह दी जाती है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के दावे भी किए जाते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि कृषि अर्थतंत्र को गुलजार करने की सलाहियत रखने वाला गोवंश बेसहारा होकर आश्रय को मोहताज है। हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में आयोजित होने वाले ग्रीष्मोत्सव व नलवाड़ मेलों का शुभारंभ बैल पूजन से होता है। शिव मंदिरों की चौखट पर शीश नवाने के साथ लोग मनोकामना के लिए अक्सर भगवान शिव के नंदी की मूर्ति के आगे विशेष तौर से नतमस्तक होते हैं, मगर इसे आधुनिकता का खुमार कहें या विलायती तहजीब का अंदाज! सदियों से मुल्क के कृषि क्षेत्र को आबाद करने वाले भगवान शंकर के वास्तविक नंदी तथा अनादिकाल से भारतवर्ष के हर घर-आंगन की शोभा रहा गौधन सडक़ों पर विचरण करके सितम व करूरता का शिकार हो रहे हैं। मगर देश में विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने का प्रचलन जोर पकड़ चुका है। हिंदोस्तान की सियासत में दशकों पूर्व गाय, बैल व किसान चुनावी चिन्ह के रूप में कुछ सियासी दलों के परचम पर भी चस्पां थे। मगर हालात इस कदर गंभीर हैं कि किसान तथा गोवंश अपने हकूक के लिए एक मुद्दत से सडक़ों पर फरियादी बनकर जद्दोजहद कर रहे हैं। गोवंश के हक के लिए सियासी तौर भी आवाज बुलंद होती रही है। लावारिस गौवंश का मुद्दा पिछले कई चुनावों में सुर्खियों में रहा है। बेसहारा पशु समस्या के समाधान के लिए सियासी रहनुमां लोगों को कई मर्तबा मुतमईन कर चुके हैं, मगर मौजूदा चुनावों में 'गौमाता' गुमनाम है। चुनावी घोषणापत्रों में बेसहारा गौधन को आश्रय देने का मुद्दा नदारद है। निराश्रित गोवंश को पंचायतों द्वारा आश्रय देने के वादे भी कागजों में सिमट गए। बेसहारा पशुओं का जमावड़ा राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बन चुका है। जंगली जानवरों का कहर तथा बेरुखे मौसम की मार के साथ कृषि भूमि में लावारिस पशुओं की चहलकदमी से परेशान होकर कृषक वर्ग कृषि व्यवसाय से तौबा करने को मजबूर है। सडक़ों पर कयाम बना चुका गोवंश दुर्घटनाओं को दावत दे रहा है। तेज रफ्तार वाले वाहनों की चपेट में आने से गोवंश हादसों का शिकार हो रहा है। हादसों से बचाव के लिए बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम के पट्टे भी बांधे गए। विशेष पंजीकरण पशुओं की टैगिंग भी की जाती है ताकि पशुओं के मालिक की शिनाख्त कायम रहे, मगर सडक़ों पर गोवंश के समूह तस्दीक करते हैं कि बेसहारा पशु समस्या के समाधान के लिए धरातल पर कोई भी हिकमत कामयाब नहीं हुई। पशुपालन व्यवसाय में विश्व में शीर्ष पर काबिज भारत गोवंश को लावारिस छोडऩे के मामले में भी विश्व में पहले पायदान पर काबिज है। वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला देश भी भारत ही है। मगर देश की जनसंख्या के मद्देनजर दूध की खपत उत्पादन से लगभग चार गुना अधिक है। उत्पादन व खपत के बीच एक बड़ा अंतर होने से मिलावटखोरी का कारोबार जोरों पर चलता है। विश्व में सर्वोत्तम नस्ल का भारतीय स्वदेशी गौधन अपनी उत्तम दुग्ध गुणवत्ता के लिए विश्वविख्यात है। इसी कारण दुनिया के कई देशों में भारतीय स्वदेशी नस्ल के गोवंश की मांग रहती है। हैरत की बात है कि उत्तम दुग्ध गुणवत्ता वाले जिस स्वदेशी गौधन के संरक्षण के प्रयास हो रहे हैं, वो स्वदेशी नस्ल की गऊएं भी लावारिस होकर सडक़ों पर भटक रही हैं। भारतीय संस्कृति में गौपालन व्यवसाय का प्रचलन प्राचीन काल से चला आ रहा है। आस्था का प्रतीक रहे गौधन को आश्रय देना पारंपरिक रिवायत रही है। रोजमर्रा की कई बुनियादी जरूरतें सदियों से गोवंश पर ही निर्भर रही हैं। दुग्ध पदार्थों की भारी मांग होने के बावजूद भारत की आर्थिक समृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाला गोवंश लाखों की तादाद में सडक़ों पर धूल फांक कर अपने भाग्य को तलाश रहा है। वहीं बेरोजगारी की मार झेल रहा प्रजातंत्र का भविष्य युवा वर्ग रोजगार की जुस्तजू में गुमगश्ता है। लिहाजा यदि लावारिस गोवंश को उपयोगी बनाने के प्रयास पूरी शिद्दत से किए जाएं तो ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूत करने वाला गौपालन व्यवसाय युवा वर्ग के लिए स्वरोजगार का मुफीद विकल्प हो सकता है। कृषि क्षेत्र में रासायनिक खादों का प्रभाव कम करके प्राकृतिक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बेसहारा गोवंश को आश्रय देना जरूरी है। बहरहाल बेजुबान गोवंश की बेबसी तथा किसानों का पशुपालन व कृषि व्यवसाय से हो रहे मोहभंग के आलम-ए-असबाब पर देश के सियासी निजाम को पूरी तफ्सील से मंथन करना होगा। क्या वोट बैंक के लिए चलाई जा रही मुफ्तखोरी की योजनाओं के चलते भौतिकतावादी जीवनशैली ने गोवंश को बेसहारा करके सडक़ों पर पहुंचा दिया या महंगे पशुचारे से बढ़ते आर्थिक संकट ने किसानों को पशुपालन जैसे पुश्तैनी व्यवसाय से दूर कर दिया, यह निश्चित तौर पर मंथन का विषय है। कृषि प्रधान देश भारत में कृषि अर्थव्यवस्था की आधारशिला गोवंश पर तशद्दुद व दुर्दशा नदामत का सबब है। लावारिस गोवंश को आश्रय देने के लिए सरकारों को इच्छाशक्ति दिखानी होगी तथा समाज को भी योगदान देना होगा, ताकि समस्या का समाधान हो सके। यह वक्त की मांग है।

विशेष लेख

कम मतदान बना पहेली

सुधीश पचौरी

आधा चुनाव हो चुका है। हर एंकर, रिपोर्टर, चुनाव विशेषज्ञ कहीं खुले कहीं छिपे 'कयास' लगाते रहते हैं कि कौन जीत रहा है- एनडीए' कि 'इंडी' गठबंध? यों, अपना मनोबल बनाए रखने के लिए हर दल, हर नेता एक मनोवैज्ञानिक युद्ध भी लड़ रहा है। हर कोई अपने पक्ष को जीतता बताता रहता है। इसलिए भी चुनाव विश्लेषणों में एक 'असमंजस' सा बना रहता है। ऐसे विश्लेषणों को देख एंकर तक अपनी 'चुनाव चरचाओं' का यही कहके अंत करते हैं कि इंतजार करें 4 जून को 'दूध का दूध पानी का पानी' हो होगा। हमारी नजर में इस तरह के 'असमंजस' का एक बड़ा कारण 'मतदान का कम' होना है। 'चुनाव आयोग' के आंकड़े बताते हैं कि अब तक जितना मतदान हुआ है वह 2019 की अपेक्षा कम हुआ है। 'कम मतदान' किसको मदद कर रहा है, यह सवाल मीडिया में भी पहेली बना हुआ है। 'एनडीए' के पक्षधर कहते हैं कि 'एनडीए' तीनों चरणों में एक तिहाई से अधिक की सीट जीत चुका है और इसीलिए विपक्ष का बल्ब 'फ्यूज' नजर आता है। जवाब में 'इंडी' वाले कहते हैं कि 'लिखकर ले लो मोदी हार रहा है'। जाहिर है कि इन चुनावों का असली सवाल यही है कि वोट कम क्यों पड़ा? कुछ विश्लेषक मानते हैं कि 'कम मतदान' भाजपा के पक्ष में नहीं गया तो कुछ मानते हैं कि भाजपा के पास 'काडर' है, वो अपने वोटरों को बूथ तक ले आती है जबकि विपक्ष नहीं ला पाता क्योंकि उसके पास 'काडर' नहीं है। 'कम मतदान' के बारे में विपक्ष का कहना है कि लोग मोदी से नाराज हैं क्योंकि महंगाई है, बेरोजगारी है। इसलिए विपक्ष जीत रहा है। इसकी काट कई चुनाव विश्लेषक इस तरह करते हैं कि 'मंहगाई', 'बेरोजगारी' मुद्दे तो हैं लेकिन ये 'जनता की नाराजगी' में नहीं बदल रहे। 'जनता नाराज' होती तो वोट अधिक पड़ता। हमारे चुनाव विशेषज्ञ प्राय: 'स्विंग विशेषज्ञ' रहे हैं। 'इस' या 'उस' ओर इतने प्रतिशत 'स्विंग हो तो इतनी सीटें इधर बढ़ेंगी या उधर बढ़ेंगी..' जैसे विश्लेषण के आदी रहे हैं लेकिन 'कम वोट पड़ा' यानी 'रिवर्स स्विंग' हुआ तो किसका वोट कम हुआ..', इसके विश्लेषण के आदी नहीं हैं। बहसों में वोट कम पड़ने के कई कारण बताए गए हैं- एक, 'तीखी गरमी' तो दूसरा, वोटिंग का 'शनि' या 'रवि' को होना है जबकि इन दो दिन शहरी लोग सैर-सपाटे के लिए बहर निकल जाते हैं। तीसरा कारण नेताओं का दल बदल है जिसके कारण वोटरों में निराशा है। चौथा कारण 'इंडी' दलों की सीटों का 'देर से बंदरबांट' है जिसके कारण 'वोट ट्रांसफर' नहीं हो पा रहा। यों, एक तर्क यह भी है कि चुनाव में 'ध्रुवीकरण' की राजनीति हो रही है, इसलिए भी आम आदमी इधर या उधर कमिट नहीं करना चाहता और इसीलिए उत्साह से वोट डालने नहीं आ रहा। एक कारण यह भी बताया जाता है कि न सत्ता पक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है न विपक्ष के पास कहने या देने को कुछ नया है, इसलिए भी कम वोट पड़ रहा है। इसी तरह कुछ का मानना है कि चूंकि हर दल एक दूसरे को 'भ्रष्ट', 'चोर' और 'सांप्रदायिक' कहता है, और सबकी भाषा में वही 'हेट', वही 'गाली' और वही 'हिंसा' है, इसलिए भी वोटर छिटक गया है, उसका अपने नेताओं पर से यकीन उठ सा गया लगता है। इन कारणों ने भी वोटरों में एक प्रकार का 'संशय' और 'सनकीपन' (सिनीसिज्म) पैदा किया है, इसलिए वे वोट डालने कम निकल रहे हैं। कुछ मानते हैं कि चुनावों के दो महीने से अधिक लंबा खिंचने ने भी लोगों में एक 'ऊब' और 'थकान' पैदा कर दी है। कुछ चुनाव विशेषज्ञ इस बार के चुनाव में 'युवाओं की हिस्सेदारी' के 'कम होने' पर विचार करते हुए कहते हैं कि वोट डालने के लिए बाजाप्ता रजिस्र्टड हुए कुल युवाओं में से मात्रा 17 फीसद युवाओं ने ही वोट डाला है, जो अपेक्षा से काफी कम है। इसका एक कारण बताते हुए वे कहते हैं कि चूंकि आज का युवा 'अति चंचल व्यक्तिवादी' (हाइपर इंडिविजुअलिस्ट) है, इसलिए वोट डालने में दिलचस्पी नहीं रखता। हमारा मानना है कि चूंकि आज के 'सोशल मीडिया' और 'साइबर तकनीक' ने उसे 'चौबीस बाई सात' के हिसाब से जरूरत से ज्यादा 'पॉलिटिक्स' देकर राजनीति से ही बुरी तरह 'उबा' दिया है, बोर कर दिया है, और इस तरह उसे 'अराजनीतिक' (एपॉलिटीकल) जैसा बना दिया है, इसलिए भी वह वोट डालने नहीं आता। चुनाव आयोग कोशिश कर रहा है कि वोटिंग बढ़े, इसके लिए वो विज्ञापन भी दे रहा है, जिसमें सेलीब्रिटीज लोगों से वोट डालने का आह्वान करते हैं। फिर भी वोट नहीं बढ़ रहा।

झारखंड में भ्रष्टाचार की असलियत

योगेंद्र योगी

इसी से विपक्षी दलों का यह आरोप कमजोर पड़ जाता है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग राजनीतिक रंजिश के कारण कर रही है। अभी तक किसी भी न्यायालय ने नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले में यह निर्णय नहीं दिया कि केंद्रीय एजेंसियों ने दुर्भावनावश कार्रवाई की है गैर भाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खास तौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर, बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में क्षेत्रीय दलों की सत्तारूढ़ सरकारों के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झांकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यास्पद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्यागपत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफे की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई कि पहले जांच से बरी होकर आओ। इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है, हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फंसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है। कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के ठिकानों से 290 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश मिला था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपए भरे हुए मिले। धीरज साहू के पास कितना कैश बरामद हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार तीन दिन छापेमारी कर नोट गिनने पड़े। आलम यह रहा कि नोट गिनने के लिए लाई गईं मशीनों की क्षमता कम पड़ गई। नोट गिनने के लिए तीन दर्जन मशीनों को मंगाया गया था, जो कम पड़ गईं। पीएम मोदी ने ओडिशा की रैली में नकद बरामदगी का जिक्र किया। चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकद बरामदगी का जिक्र करते हुए, केंद्र द्वारा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर विपक्ष के आरोप का जवाब देते हुए पूछा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। मोदी ने कहा कि अब आप ही बताइए, अगर मैं उनकी चोरी, उनकी कमाई, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? गालियों के बावजूद, क्या मुझे आपका पैसा नहीं बचाना चाहिए। झारखंड और भ्रष्टाचार का चोली-दामन का साथ है। संयुक्त बिहार में ही झारखंड में हुए चारा घोटाले से शुरू हुई थी और बड़े भ्रष्टाचार की कहानी आज भी बदस्तूर जारी है। चारा घोटाले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। इस घोटाले में पशुओं के चारे की चोरी की गई। 950 करोड़ के इस घोटाले में 53 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि कुल 170 आरोपी बने गए थे। इस मामले का खुलासा 1996 में हुआ था। इसके बाद मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में शेल कंपनियों के जरिए काली कमाई को सफेद करने का मामला सामने आया।

भारत में डिजिटलीकरण की अभूतपूर्व भूमिका

डा. जयंतीलाल भंडारी

हम उम्मीद करें कि सरकार अभी भी देश में गरीब वर्ग के 15 करोड़ से अधिक लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर लाने के लिए गरीबों तक डिजिटलीकरण की सरल पहुंच सुनिश्चित करेगी। डिजिटल आधारित भारत की नई दुनिया में सौ फीसदी विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु रणनीतिक प्रयत्न सुनिश्चित किए जाएंगे। साथ ही भारत के आम आदमी की डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए गांवों व पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल साक्षरता सुनिश्चित की जाएगी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत में गरीबी घटाने में डिजिटलीकरण की अहम भूमिका है। पिछले दिनों भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहे फ्रांसिस ने कहा कि जब से वे भारत से लौटे हैं, उनके मन में अतुल्य भारत की डिजिटल उपलब्धि के बारे में दुनिया को बताने के विचार बार-बार आ रहे हैं। उन्होंने भारत में महसूस किया है कि सिर्फ एक हैंडसेट और डिजिटलीकरण मॉडल के उपयोग से लाखों लोगों को औपचारिक आर्थिक प्रणाली में लाने के लिए भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की अभूतपूर्व भूमिका है। उन्होंने कहा कि जहां डिजिटलीकरण से भारत में वित्तीय समावेशन में मदद मिल रही है, वहीं डिजिटलीकरण लागत को कम करने, अर्थव्यवस्था को अधिक कुशल बनाने और सेवाओं को सस्ता करने में भी प्रभावी योगदान दे रहा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है। ये सब भारत से ऐसे डिजिटल सबक हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। इसमें डिजिटलीकरण की भी अहम भूमिका है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत में बहुआयामी गरीबी घटाने के मद्देनजर भारत में लागू डिजिटल व्यवस्था की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ के द्वारा प्रकाशित रिसर्च पेपर में यह भी कहा गया है कि सरकार के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को दिए जा रहे मुफ्त खाद्यान्न ने गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है। यह भी उल्लेखनीय है कि नीति आयोग की तरफ से वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित जो बहुआयामी गरीबी इंडेक्स (एमपीआई) दस्तावेज जारी किया गया है, उसमें कहा गया है कि पिछले नौ वर्षों में भारत में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आ गए हैं, लेकिन अभी भी भारत में करीब 15 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे हैं। इस दस्तावेज के मुताबिक सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं और देश में आम आदमी तक पहुंची डिजिटल सुविधाओं ने बहुआयामी गरीबी कम करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। नि:संदेह गरीबी को घटाने और आम आदमी के लाभों से जुड़ा भारत का डिजिटल विकास वैश्विक मंच पर चमक रहा है। 50 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है। डिजिटलीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर-डीबीटी) में मदद की है। इन्फोसिस के सह संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणी का भी कहना है कि भारत ने अपने अनोखे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नई डिजिटल पूंजी के सहारे पिछले 10 साल में वह कर दिखाया जो पारंपरिक तरीके से काम करने में पांच दशक लग जाते। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। भारत ने पिछले एक दशक में मजबूत डिजिटल ढांचे से डिजिटलीकरण में एक लंबा सफर तय कर लिया है, जिससे आम आदमी सहित पूरी अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है। यदि हम हाल ही में प्रकाशित कुछ अन्य प्रमुख वैश्विक आर्थिक रिपोर्टों को देखें तो पाते हैं कि उनकी अध्ययन रिपोर्टों में दुनिया में तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की नई शक्ति बताया गया है। इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) और वैश्विक उपभोक्ता इंटरनेट समूह प्रोसस की रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की वैश्विक रैंकिंग में अब भारत अमरीका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे नंबर का सबसे बड़ा देश बन गया है। इक्रियर के द्वारा डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हुई यह स्टडी कनेक्ट, हार्नेस, इनोवेट, प्रोटेक्ट और सस्टेन जैसे पांच महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर आधारित है। इन पैरामीटर्स पर भारत ने 39.1 स्कोर किया है, जबकि पहले क्रम पर स्थित अमरीका ने 65.1 और दूसरे क्रम पर स्थित चीन ने 62.3 स्कोर किया है। भारत के बाद ब्रिटेन चौथे और जर्मनी पांचवें क्रम पर है। इस रिपोर्ट को जारी करते हुए नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष ने कहा कि दुनिया अभी भी वास्तव में नहीं समझ पाई है कि प्रौद्योगिकी ने आम आदमी से लेकर सभी वर्गों के भारतीयों के दैनिक जीवन में खुद को कैसे शामिल कर लिया है, जो वास्तविक डिजिटल अर्थव्यवस्था है। एक उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत ने डिजिटल युग में छलांग लगा दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट नेटवर्क वाला देश है। इसी प्रकार रिजर्व बैंक गर्वनर शक्तिकांत दास ने कहा कि डिजिटल भुगतान में भारत विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। बीते वर्ष 2023 में देश में कुल डिजिटल भुगतान यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी बढक़र 80 फीसदी के करीब पहुंच गई है। यूपीआई लेन-देन की संख्या महज छह साल में 273 गुना बढ़ी है।

कथनी-करनी में एकता : प्रवीण जैन की विशेषता

पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा ने स्व. प्रवीण के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला

पत्रकारिता का संत किया गया निरूपित

उठी प्रतिमा स्थापित कराए जाने की मांग



झांसी (विश्व परिवार)। श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता उन्नयन समिति के तत्वाधान में आज पत्रकार भवन में दैनिक विश्व परिवार के संपादक कीर्ति शेष स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन के आसमायिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन नेपाली ने की । इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व. प्रवीण जी के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी । उन्होंने स्वर्गीय श्री प्रवीण जैन को पत्रकारिता का संत बताया।

दैनिक जागरण के संपादक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि स्व. श्री प्रवीण जैन ने पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक जीवन में कई ऐसे कार्य किये, जो अनुकरणीय है। व्यस्त जीवन में समाज के लिए समय निकालना स्वर्गीय श्री प्रवीण जी से सीखने योग्य गुण हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि पत्रकार सामाजिक नहीं हो सकता, क्योंकि यदि वह समाज में घुल मिल जाता है तो उसके द्वारा लिखी गई खबरों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होने लगते हैं, लेकिन इस सबके बाद भी स्वर्गीय श्री प्रवीण जैन ने इस मिथ्या को तोड़ते हुए नए आयाम पत्रकारिता के क्षेत्र में स्थापित किये, जो निश्चित रूप से उन्हें पत्रकारिता के भविष्य में हमेशा जीवंत रखेंगे ।

वरिष्ठ पत्रकार शीतल तिवारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सुझाव दिया कि इलाइट चौराहे पर स्थित श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क में स्वर्गीय श्री प्रवीण जैन की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए । उन्होंने इसके लिए सभी पत्रकारों से पहल करने की अपील की ।

जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व सचिव प्रणय श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. प्रवीण जी की भाषा शैली में ही एक स्वस्थ, निष्पक्ष, सहज पत्रकारिता की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी । राजकीय इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य आलोक शांडिल्य ने कहा कि स्वर्गीय श्री प्रवीण जैन बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे । वरिष्ठ पत्रकार सुदर्शन शिवहरे ने कहा कि प्रवीण जी संस्थाओं के प्रति ईमानदारी से समर्पित रहे । जैन साधुओं की सेवा में तन मन धन से लगे रहते थे । जैन समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी होने के बाद भी उन्होंने हर धर्म और मजहब के प्रति अपनी आस्था व सम्मान को कम नहीं होने दिया।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका व समाजसेविका डॉ. नीति शास्त्री ने कहा कि जियो और जीने दो को आधार मानकर स्वर्गीय प्रवीण भाई ने अपना जीवन जीया । उन्होंने इस सिद्धांत को यथार्थ के धरातल पर प्रतिपादित करके भी दिखाया । जरूरतमंदों की मदद कर दिलों में जगह बनाई और अपनी सहजता सरलता विनम्रता के माध्यम से न केवल जैन समाज, बल्कि संपूर्ण समाज में एक अपनी अमिट छाप छोड़ी । उन्होने कहा-

कथनी करनी मे एकता : प्रवीण जैन की विशेषता।

स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन के बड़े भाई तथा प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के पूर्व सदस्य प्रदीप जैन ने कहा कि उनके अनुज प्रवीण सदैव अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से लड़ते रहे । उन्होंने जुझारूपन से जीवन जिया । उनके अधूरे कार्यों को पूर्ण करना अब हम सबका दायित्व है । आईआईएम दिल्ली से पत्रकारिता में डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्होंने न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित किये ।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ समाजसेवी तथा संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी, शहर काजी मोहम्मद हाशिम, श्रीमती नील मधु श्रीवास्तव, डॉ. मनमोहन मनु, सुरेश चंद्र तिवारी, बृजेंद्र केसरिया, केशव सिंह शिवहरे, सीताराम चौरसिया, हरीश कुमार वीरू, रविंद्र सिंह गौर, संतोष कुमार श्रृंगीऋषि, रामकुमार खरे एडवोकेट, अनंजय नेपाली, सावन जैन, दीप चंद्र चौबे, मोहम्मद इदरीश खान, उमाशंकर श्रीवास्तव, अनुराग जैन, गौरव तिवारी, अखिलेश सिंह यादव, सर्वेश सक्सेना, मनीष कश्यप, श्रीमती अलका चौबे, आसिफ, शुभम जैन, आलोक श्रीवास्तव, मुकेश त्रिपाठी, रामगोपाल शर्मा, नवल किशोर शर्मा, रोहित, रमेश चंद्र जैन, डॉक्टर सचिन जैन, संजय जैन, डॉक्टर सुनील तिवारी, पूर्व पार्षद राजेश जैन, अशोक नायक, मुकेश सिंघल एडवोकेट, आदित्य नारायण दुबे, अजय भारद्वाज, संदीप नामदेव, अनिल जैन, रविंद्र पचौरी, शिखर चंद्र जैन, दिनेश भार्गव, हरि कृष्ण चतुर्वेदी, रंगकर्मी आरिफ शहडोली, श्याम शरण नायक एडवोकेट, बंटी कश्यप, सुरेंद्र सक्सेना, सूरज सिंह यादव, मोहम्मद फारुक खान, अतुल सिंह, शीतल तिवारी, शैलेंद्र सिंह गौर, धीरेंद्र यादव, आर के साहनी, राजेश चौरसिया, निर्मल कुमार जैन, आरिफ खान, भगवानदास पहलवान, दीपक चंदेल, साजिया खान आदि मौजूद रहे।

इस दौरान सुभाष जैन, अपूर्व जैन, स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन के चाचा डॉक्टर जिनेंद्र जैन, छोटे भाई आलोक जैन, दोनों सुपुत्र डॉ. यश जैन, अतिशय जैन, डॉक्टर जयेश जैन, प्रसंग जैन आदि पारिवारिक सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता मदन बबेले तथा पंकज सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व सभी ने स्वर्गीय श्री प्रवीण कुमार जैन के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । सिख धर्म गुरु ज्ञानी महेंद्र सिंह रंधावा, हिंदू धर्म गुरु आचार्य हरिओम पाठक, मुस्लिम इमाम ईदगाह मुफ्ती मोहम्मद साबिर ने दैनिक विश्व परिवार के प्रधान संपादक प्रवीण कुमार जैन को एक सच्चा इंसान बताते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की ।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 16 मई 2024

संक्षिप्त समाचार

कलेक्टर ने बैठक लेकर की लंबित कार्यों की समीक्षा

कांकेर(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न समस्याओं से संबधित आवेदनों और लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने मौजूद सभी अधिकारियों से कहा कि वे लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। कलेक्टर ने आज सुबह 10 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभागवार विभिन्न विषयों पर कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी हेतु पीडीएस बारदाने के एकत्रीकरण कार्य की जानकारी ली और बारदाने के भंडारण के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरआईडीएफ के तहत जिले के विभिन्न गोदाम निर्माण कार्यों की जानकारी ली और नोडल अधिकारी सीसीबी को लंबित निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनएच के अधिकारी से नंदनमारा में निर्माणाधीन पुल के निर्माण की भी जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके अलावा बैठक में उन्होंने पेयजल की समस्या के निराकरण, स्कूल मरम्मत कार्यों की प्रगति, जिले में स्थापित सोलर पंपों के सत्यापन कार्य सहित आवास निर्माण की स्थिति, जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मण्डाधिकारी श्री हेमचंद पहारे, एडीएम श्री एस. अहिरवार, श्री बीएस उईके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

होप कोचिंग के बच्चो ने किया कोतवाली भ्रमण

गरियाबंद(विश्व परिवार)। नगर में संचालित होप कोचिंग सेंटर के बच्चो ने आज स्थानीय सिटी कोतवाली थाना का भ्रमण कर न्याय प्रणाली की जानकारी लिए।ज्ञात हो कि वर्तमान समय में बढ़ रहे सायबर अपराध के साथ अन्य अपराधो के रोकथाम और न्याय की जानकारी होना आवश्यक है ।इसी जानकारी को दिलाने होप कोचिंग के बच्चो को सिटी कोतवाली ले गए जहा सहायक थाना प्रभारी गुणेश्वरी नरेटी,टीकाराम ध्रुव व प्रधान आरक्षक रामकृष्ण साहू के द्वारा बच्चो को थाने का भ्रमण कराया गया,साथ ही वर्तमान में चल रहे विभिन्न सायबर अपराध,आनलाइन ठगी के साथ गुड टच बेड टच की जानकारी देते हुए उससे बचने का तरीका भी बताया गया।इन सब जानकारियों को बच्चे गंभीरता के साथ सुने और बताए गए सावधानियों को अपने जीवन में अमल करने का आश्वासन भी दिया।साथ ही समाज के अंदर दिखने वाले अपराधो को तत्काल थाने तक पहुंचाने की शपथ लिए।

बसपा और गोंगपा के सामने चिंता, क्या बचेगी इस चुनाव में जमानत

कोरबा(विश्व परिवार)। अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सामने सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर है कि क्या लोकसभा चुनाव में उनके प्रत्याशियों की जमानत भी बच सकेगी। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से दोनों पार्टियों ने बड़ी उम्मीद से अपने प्रत्याशी उतारे थे। 7 मई को संसदीय क्षेत्र में 74 प्रतिशत मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम के हवाले हो गई है। प्रत्याशियों को नतीजों की प्रतीक्षा है, जो 4 जून को सार्वजनिक होंगे। कोरबा सीट से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के श्यामसिंह और बसपा ने बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध को मैदान में उतारा था। इसके पीछे कुल मिलाकर जातिगत वोटों को साधने का गणित था। कोरबा सीट पर चार जिलों की 8 विधानसभा शामिल हैं जिनमें 16 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से सिर्फ74 प्रतिशत ने ही मतदान करने में रूचि ली। लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला कांग्रेस की वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत और भाजपा की सरोज पांडे के बीच रहा जो पूरे चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं को नजर आई। इनके अलावा 25 अन्य प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें बसपा और गोंगपा के प्रत्याशी भी शामिल हैं। राजनीति के जानकारों की मानें तो चुनाव जीतने की गरज से मुख्य पार्टियों ने ही अपने संसाधनों का उपयोग किया। प्रचार तंत्र पर ध्यान दिया और इसी हिसाब से रणनीति भी बनाई। जबकि क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराने और अपने चेहरे की पहचान को बरकरार रखने के इरादे से कई पार्टियां चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर आतुर रहीं। चुनाव आयोग के पैरामीटर के हिसाब से 6 प्रतिशत वोट हासिल करने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जमानत बच जाती है अर्थात वे उस राशि को पाने के हकदार होते हैं जो नामांकन के समय जमा की जाती है।

राजस्व शिविर परिणाम मूलक होना चाहिए - कलेक्टर

ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के दिए निर्देश

डीएमएफमद से जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव करें प्रस्तुत

राजनांदगांव(विश्व परिवार)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसामान्य को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाकर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, खाता विभाजन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व शिविर परिणाममूलक होना चाहिए और आम जनता को इससे लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि पटवारी निर्धारित दिनों में अपने कार्यालय में उपस्थित रहे एवं अच्छी तरह से कार्य करें। राजस्व शिविर के आयोजन से पहले मुनादी कराएं तथा सभी तहसीलों में शिविर का आयोजन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद अंतर्गत जनहित से जुड़े कार्यों के लिए सभी विभाग प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पांच कार्यों के लिए प्राथमिकता देते हुए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। इस दौरान सभी विभागों से इससे जुड़े प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि 33 गांवों में जहां भू-जल स्तर में कमी आयी है, वहां वाटर रिचार्ज करने के लिए चेकडेम, डबरी, परकुलेशन टैंक जैसे जलीय संरचनाओं के माध्यम से वाटर रिचार्ज किया जा सकता है। जिससे सिंचाई के रकबे में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने सहकारिता विभाग को किसानों की सुविधा के लिए शेड, पेयजल, किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुल-पुलिया से वंचित ग्रामों में पुल निर्माण करने के निर्देश दिए। सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच रोड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर कराएं। सड़क दुर्घटना को दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए ऐसे स्थान जहां दुर्घटना होने की संभावना रहती है, वहां स्पीड ब्रेकर बनाएं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि खेती किसानी के कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाना चाहिए। इससे खाद एवं बीज के कमी की समस्या नहीं आएगी और किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने जिले में वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के 1525 ग्राम पंचायतों में मुनगा एवं पपीता के पौधों का वितरण करने की तैयारी की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। राजनांदगांव स्थित एजुकेशन हब के लिए 100 बच्चों को लक्षित करते हुए चिन्हांकित करें तथा पढ़ाई प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं तथा केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए बच्चों की तैयारी कराएं। कलेक्टर ने कहा कि हाट बाजार जनसामान्य के लिए उपयोगी है, वहां प्रकाश एवं शेड की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। हाट बाजार व्यवस्थित रहे तथा उनका अच्छी तरह रख-रखाव होना चाहिए।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की पहल से दिव्यांग राकेश विशेष विद्यालय में रहकर पूरी करेंगे अपनी पढ़ाई

कक्षा 12वी तक आवासीय विद्यालय में रहकर करेंगे पढ़ाई, कॉलेज की पढ़ाई में भी विभाग करेगा सहयोग

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल की विशेष पहल से ग्राम खलियापानी के रहने वाले दिव्यांग राकेश अब अपनी आगे की पढ़ाई विशेष विद्यालय में रहकर पूरी करेंगे। कक्षा 12वी तक विशेष आवासीय विद्यालय में रहकर ओपन परीक्षा के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। साथ ही कॉलेज की पढ़ाई में भी विभाग सहयोग करेगा। दरअसल ग्राम पंचायत कोठीगॉव के ग्राम-खलियापानी के रहने वाले दृष्टिबाधित दिव्यांग राकेश पिता बृजलाल के संबंध में संसाधन के अभाव में पढ़ाई पूरी नही कर पाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग राकेश को पुन: शाला में प्रवेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने राकेश के घर जाकर उनका हालचाल जाना। साथ ही पढ़ाई में क्या दिक्कत आ रही इसकी भी जानकारी ली। उप संचालक समाज कल्याण विभाग गरियाबंद ने बताया कि दिव्यांग राकेश और उनके परिजनों से संपर्क किये जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि दिव्यांग राकेश को समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था प्रेरक स्वैच्छिक संस्था राजिम द्वारा संचालित विद्यालय-राजिम द्वारा वर्ष 2016 से दिसम्बर 2023 तक समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही ब्रेललिपि, ट्रेलर फेम, केन तकनीकी, मोबिलिटी एवं अन्य विशेष शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से संस्था के विशेष शिक्षक द्वारा शिक्षण-प्रशिक्षण कराया गया है। दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण है। कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने के पश्चात् अपने घर जाने के बाद पुन: विद्यालय नही आया। संस्था द्वारा विद्यालय आने के लिए बार-बार परामर्श दिया गया, किंतु वह विद्यालय नही आया। अभी भी दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम में प्रवेशित है। आज संस्था के शिक्षक द्वारा दिव्यांग राकेश के घर जाकर संस्था में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई करने हेतु पुन: समझाईश दिया गया है।

डबरी में डूबकर मासूम की मौत

रामानुजगंज(विश्व परिवार)। ग्राम पंचायत भवरमाल में हृदयविदारक घटना में 2 वर्ष के बच्चा का घर के सामने ही बने डबरी में डूबने से मौत हो गई घटना से बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वही पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था कि जो बच्चा कुछ देर पहले अपनी बहनों के साथ खेल रहा था उसकी डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार के सुबह 9:30 बजे के करीब शिवांशु बखला पिता भावेश बखला अपने चार बहनों के साथ घर के सामने खेल रहा था।वह खेलते खेलते घर के सामने ही डबरी चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई।बताया जा रहा है कि जब वह कुछ देर तक घर में नहीं आया तो घर वाले खोजने लगे तो डबरी में देखे तो वह डबरी में डुबा था। घटना से शिवांशु के माता-पिता गहरे सदमे में है।चार बहनों के बाद शिवांशु था घर में सबका लाड़ला शिवांशु के अचानक इस प्रकार चले जाने से स्वजनों के साथ-साथ पूरा गांव में शौक की लहर दौड़ गई। डबरी में दो से तीन फीट ही पानी था। फिसलने के बाद वह संभल नहीं पाया जिससे यह घटना घटी। क्षेत्र में इस प्रकार की कई घटनाएं घट चुकी है..... गांव गांव में डबरी का निर्माण किया गया है वही कई डबरी तो घर के काफी नजदीक रहता है जब छोटे बच्चे उसके नजदीक जाते हैं तो कई बार फिसल कर गिर जाते हैं एवं मौत हुई है। क्षेत्र में इस प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी है ऐसे में इसमें रोक लगे इसके लिए डबरी के चारों ओर घेराव किया जाने की आवश्यकता है। आने वाले बरसात के समय में डबरी में पानी भरेगा तो खतरा बढ़ेगा ऐसे में अभिभावक रहे सतर्क..... आने वाले बरसात के समय में सभी डबरियों में पानी भर जाएगा ऐसे में अभिभावकों को काफी सतर्क रहने की आवश्यकता है खासकर उन अभिभावकों को जिनके बच्चे अबोध है एवं खेलते खेलते डबरी के नजदीक चले जाते है।ऐसे में उनकी विशेष सतर्कता ही घटना से बचाव करेगी।

वन अमले ने सुकमा वनमंडल के अंतर्गत साढ़े 24 हजार गड्डी अवैध तेंदूपत्ता जप्त कर 40 हजार रूपए जुर्माना वसूला

सुकमा(विश्व परिवार)। वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा श्री अशोक पटेल के निर्देश के परिपालन में वन परिक्षेत्र दोरनापाल अंतर्गत 13 मई 2024 को एसडीओ फारेस्ट दोरनापाल एवं उप प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा सहित परिक्षेत्र अधिकारी दोरनापाल, सुकमा, जगरगुण्डा और कोण्टा के साथ ही वन परिक्षेत्र दोरनापाल के अधीनस्थ अधिकारी- कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से दोरनापाल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी नावघाट एवं अंतरराज्यीय मार्गों पर वनोपज संग्रहण का जांच किया गया है, जिसमें ग्राम पेदाकुर्ती में मोहम्मद अब्दुल करीम खान वल्द मोहम्मद अब्दुल पीर खान उम्र 29 वर्ष निवासी-कोण्टा, कवासी हिरमा पिता कवासी सिंगा उम्र 55 वर्ष निवासी-कुर्ती तथा शेख नईम पिता शेख सुहान उम्र 45 वर्ष निवासी कोंटा के द्वारा अवैध रूप से फड़ लगाकर खरीदे गये 24,500 गड्डी तेंदूपत्ता को जप्त किया गया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जप्त उक्त अवैध हरा तेंदूपत्ता के लिए सम्बन्धितों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर 40 हजार रूपए जुर्माने की राशि वसूल किया गया। वहीं जप्त तेंदूपत्ता को वनपाल एवं गोदाम प्रभारी दोरनापाल श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह तथा वनरक्षक एवं सहायक गोदाम प्रभारी श्री सोनाराम सोढ़ी के सुपुर्द में रखा गया है। इस दौरान वन विभाग के अमले ने बताया कि वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रहण के मद्देनजर वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा के निर्देशानुसार सीमावर्ती इलाकों में लगातार वनोपज के अवैध खरीद एवं परिवहन निगरानी रखी जा रही है। जिससे अधिकाधिक स्थानीय संग्राहक परिवार वनोपज संग्रहण से लाभान्वित हो सकें।

जिला प्रशासन ने दादरखुर्द क्षेत्र में अवैध रूप से बनें तीन मकान को किया ध्वस्त

कोरबा(विश्व परिवार)। जमीन दलाली और बेजा कब्जा से जुड़े मामलों की संख्या कोरबा में लगातार बढ़ती जा रही है। इसके कारण यहां वहां खाली पड़ी सरकारी जमीन काफी संकट में है। मौका पाकर ऐसी जमीन पर अवैध निर्माण करने से लोग बिल्कुल भी पीछे नही हट रहे है। दादर खुर्द क्षेत्र में एसएलआरएम सेंटर के पास ऐसे ही तीन अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से की गई। इस मौके पर पुलिस की टीम भी मौजूद रही। अपनी कीमती जमीन कैसे बचाई जाए, यह प्रशासन की सबसे बड़ी चिंता है। कोरबा शहरी क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भविष्य में जमीन की जरूरत पडना है। इसके लिय जरूरी है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज जमीन अपनी जगह पर भी रहे। बीते वर्षों में सरकार की काफी जमीन बट्टे खाते में चली गई। यह सिलसिला बेजा कब्जा के जरिये निर्बाध रूप से जारी है। मौका पाकर जमीन पर कब्जा करने, उसे बेचने से लेकर अवैध निर्माण करने के मामले बढ़ते ही जा रहे है। प्रशासन और नगर निगम की ओर से हालिया कार्रवाई दादर खुर्द मार्ग पर एसएलआरएम सेंटर के पास की गई। जानकारी के अनुसार यहां शराब दुकान के पास सरकार की जमीन है। जमीन माफ्रियाओं की नजर इस पर लगी हुई थी। हालात को ध्यान में रखते हुए जमीन की घेराबंदी की गई और फिर वहां देखते देखते 3 पक्के मकान खड़े कर दिए। ऐसा अवैध काम करने वालों को अंदेशा भी नही था कि सरकारी जमीन को हथिया कर उस पर किया गया निवेश उन्हें कंगाल कर सकता है। अवैध निर्माण होने की खबर मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों की देखरेख में संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण को जमीन डोज कर दिया।

शिक्षा अनमोल है, सफलता के लिए इसकी निरंतरता बेहद जरूरी - कलेक्टर

प्रावीण्य सूची में जगह बनाने वाले जिले के 09 विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

कांकेर(विश्व परिवार)। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इसकी प्रावीण्य सूची में जिले के 09 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके पालकों व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिला कार्यालय स्थित कम्पोजिट बिल्डिंग के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों एवं पालकों को कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में कांकेर जिले के विद्यार्थियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करना बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पालकों और विभाग के अधिकारियों ने काफी मेहनत की है। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि शिक्षा अनमोल है, जिसकी कीमत आंकी नहीं जा सकती। यह एक ऐसा धन है, जिसे जितना बांटोगे, उतना ही बढ़ेगा। शिक्षा से ही समाज और देश के बेहतर भविष्य का निर्धारण होता है, अत: इसकी निरंतरता से व्यक्ति सफलता की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी कुछ अंक से चूक अथवा पिछड़ गए उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कामयाबी का मापदंड सिर्फ अच्छे अंक ही नहीं होते। इस अवसर पर उन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, मेडल तथा टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर के पूछे जाने पर किसी विद्यार्थी ने इंजीनियर, किसी ने डॉक्टर, किसी ने आईएएस अधिकारी तो किसी टीचर बनने की मंशा जाहिर की, जिस पर उन्होंने सभी को बेहतर भविष्य के लिए अपने निर्धारित लक्ष्य हासिल करने दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प के साथ मेहनत करने की बात कही। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र श्री मयंक कोर्राम और कु. पायल अधिकारी ने 97.67 प्रतिशत अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। इसी तरह इसी विद्यालय की कु. वर्षा साहू और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर की कु. तान्याश्री मढ़रिया ने 97.33 प्रतिशत के साथ 9वें स्थान और प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर की कु. मल्लिका मरकाम ने 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में दसवें स्थान पर रहीं। इसके अलावा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुड़गे की छात्रा कु. वेदिका निषाद ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में सातवें स्थान पर रहीं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोड़ा की कु. कंकना घरामी ने 95.4 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर जगह बनाई। कु. कंकना वर्ष 2022 की प्रावीण्य सूची में कक्षा 10वीं में भी 97.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर 7वें स्थान पर रहीं। इसी तरह संस्कार वैली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर की कु. निधि गोगड़ ने 95 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया।

व्यापार समाचार

अदाणी समूह के नेतृत्व में अप्रैल में देश में अधिग्रहण सौदों में तेजी : रिपोर्ट

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय कंपनियों ने अप्रैल में कई अधिग्रहण सौदे किए जिनमें अदाणी समूह के तीन बड़े सौदे शामिल हैं। जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इन सौदों का कुल मूल्य दो अरब डॉलर था जो देश के कुल सौदों का 38 प्रतिशत है। ग्रांट थॉर्न्टन की रिपोर्ट 'भारत डीलट्रैकर' के अनुसार, घरेलू कंपनियों ने पिछले महीने 191 सौदे किये जिनकी कुल कीमत 9.4 अरब डॉलर थी। यह मार्च के मुकाबले संख्या के आधार पर 21 प्रतिशत और मूल्य के आधार पर 37 प्रतिशत अधिक है। इनमें 10 करोड़ डॉलर से अधिक के 12 उच्च मूल्य वाले सौदे शामिल हैं जिनका कुल मूल्य 3.8 अरब डॉलर है। ग्रांट थॉर्न्टन की पार्टनर (प्रगति) शांति विजेता ने कहा, सौदों को लेकर परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। टेक्नोलॉजी, उपभोक्ता और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टरों के फलते-फूलते इकोसिस्टम से बढ़ावा और आगे की सोच रखने वाली सरकारी नीतियों से समर्थन के दम पर यह व्यापक प्रगति का वाहक बनेगा। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने 3.080 करोड़ रुपये में गोपालपुर पोर्ट लिमिटेड (जीपीएल) में एसपी समूह की 56 प्रतिशत और उड़ीसा स्टीवेडर्स लिमिटेड की 39 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। रिपोर्ट में कहा गया है, अदाणी पोर्ट्स द्वारा गोपालपुर पोर्ट्स लिमिटेड के अधिग्रहण से परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स सेक्टरों को काफी बढ़ावा मिला है। इससे इसकी लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ी है जो देश की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मांग का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण है। अदाणी समूह की निर्माण सामग्री बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट ने माई होम समूह के तमिलनाडु के तूतीकोरीन स्थित 15 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वीली सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया। रिपोर्ट में कहा गया है, अदाणी समूह के दो अरब डॉलर के रणनीतिक अधिग्रहण प्रमुख उद्योगों में आ रही मजबूती की ओर इशारा करते हैं। समें कहा गया है कि सीमेंट उद्योग में अदाणी समूह के अधिग्रहणों के नेतृत्व में विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन क्षमता और बाजार पहुंच बढ़ाने के लिए समेकन के बड़े प्रयास देखे गये। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा पिछले महीने चार आईपीओ के 2.8 अरब डॉलर जुटाने और 11 आईपीओ के 1.4 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त करने से पूंजी बाजार में जीवंतता रही।

एचडीएफसी बैंक ने 'पिक्सेल' पेश किया: डिजिटल क्रेडिट कार्डस की एक नई पीढ़ी

मुंबई – भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज 'पिक्सेल' (PIXEL) के लॉन्च की घोषणा की है. यह डिजिटल मूल निवासियों के लिए डिज़ाइन की गई अपनी तरह की पहली 'एंड-टू-एंड' मोबाइल ऐप है, जो डीआईवाई (DIY) आधारित अनुकूलन योग्य डिजिटल कार्ड रेंज है। पिक्सेल को डिजिटल प्रवाह, अद्वितीय प्राथमिकताओं और विशिष्ट वित्तीय व्यवहारों वाली पीढ़ी के लिए तैयार किया गया है। पिक्सेल डिजिटल क्रेडिट कार्ड श्रृंखला की अपनी तरह की पहली श्रृंखला है जो निर्बाध ऐप-आधारित जारी करने हेतु पूर्ण डिजिटल जीवनचक्र प्रबंधन, उपयोगकर्ता जुड़ाव और डिजिटल सर्विसिंग प्रदान करती है। इसके अलावा, पिक्सेल के माध्यम से, बैंक ग्राहकों को अपनी पसंदीदा श्रेणियां और पसंदीदा व्यापारी/प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि जोमाटो (Zomato), मयंत्रा (Myntra), बुक मई शो (BookMyShow), मेक माई ट्रिप (MakeMyTrip) अमेज़ॅन (Amazon) और फ्लिपकार्ट (Flipkart) आदि का चयन करने में सक्षम बनाकर उन्हें अनुकूलन और पसंद की शक्ति देता है। ऐसा करने पर ग्राहक इन व्यापारियों/प्लेटफ़ॉर्म से अपने खर्च पर आकर्षक कैशबैक अर्जित कर सकते हैं। वर्तमान और नए दोनों ग्राहक बैंक के पेज़ैप (PayZapp) मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पिक्सेल क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मोटोरोला ने Bose के साथ मिलकर moto buds और moto buds+ को लॉन्च करके भारत में ट्रू वायरलेस स्टीरियो कैटेगरी में धूम मचाई

नईदिल्ली। दुनिया में टेक्नोलॉजी के अग्रणी ब्रांड, मोटोरोला ने आज भारत में ट्रू वायरलेस स्टीरियो की पेशकश करते हुए moto buds और moto buds+ के लॉन्च की घोषणा की। स्मार्टफोन के दायरे से आगे बढ़ते हुए, moto buds फैमिली ने यूजर्स को सुकून भरा और उत्साहजनक अनुभव प्रदान करने के लिए moto के इकोसिस्टम में एक्सेसरीज को शामिल करते हुए मोटोरोला के मौजूदा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाया है। आज की तेज़ गति वाली दुनिया में बेहद सहज तरीके से इंटीग्रेशन और डायनेमिक ऑडियो अनुभव आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखते हुए moto buds फैमिली ने अपनी अलग पहचान बनाई है, जो यूजर्स को स्पष्टता के साथ-साथ इन्टेन्सिटी, स्टाइल एवं इनोवेशन का बेहतरीन तालमेल प्रदान करता है। मोटोरोला ने इस लॉन्च के लिए 'साउंड ऑफ़ परफेक्शन' पेश किया है, जो किसी भी मोबाइल फोन ब्रांड द्वारा पहली बार पेश की गई इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी है जो पांच अलग-अलग भाषाओं में पांच गाने बनाने के लिए पूरे भारत के सबसे बड़े म्यूजिक आर्टिस्ट को एक साथ लाता है, और एक परफेक्ट फ्यूज़न के लिए सभी कलाकार एकजुट होते हैं और अंत में एक बेमिसाल फ्यूज़न ट्रैक तैयार होता है। इस एल्बम का उद्देश्य यूजर्स को दिल को छू लेने वाले संगीत का अनुभव प्रदान करना है, जो सही मायने में moto buds फैमिली की ओर से पेश किए जाने वाले बेमिसाल ऑडियो अनुभव के अनुरूप है।

जोमेटो ने आरबीआई को सरेंडर किया अपना एग्रीगेटर पेमेंट लाइसेंस

नई दिल्ली(एजेंसी)। फूड डिलिवरी ऐप जोमैटो ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी किये थे। इस नतीजे में बैंक ने बताया था कि वह एक बार फिर से मुनाफे में वापस आ गई है। बता दें कि दिसंबर तिमाही में जोमैटो घाटे में थी। तिमाही नतीजे के एलान के बाद जोमैटो ने एक बड़ा फैसला लिया। जोमैटो पेमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जेडपीपीएल) ने पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस को सरेंडर कर दिया।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की जर्सी लॉन्च

अहमदाबाद(एजेंसी)। टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया ने अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया। भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले 1 जून से यूएसए और कैरेबियन में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया। इस कार्यक्रम का एक वीडियो बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए बीसीसीआई ने लिखा, अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है। रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम इंडिया की टी20 जर्सी पेश करते हुए। इस वीडियो में टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी भी नजर आ रही है, जो ब्लू कलर की है। इसके साथ ही इस विश्व कप के लिए टीम इंडिया की ट्रैवल किट भी सामने आई है, जो व्हाइट कलर की है, जिसमें रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को, बीसीसीआई ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने मंगलवार को जारी नई आईटीटीएफ रैंकिंग में विश्व नंबर 24 की नई करियर उच्च रैंकिंग हासिल की। मनिका ने 15 पायदान की छलांग लगाई और 39वें से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने श्रीजा अकुला से अपना भारत का नंबर एक स्थान पुन: प्राप्त किया। इस प्रक्रिया में 25 वर्षीय पैडलर शीर्ष 25 एकल रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 2019 में जी सत्यन (वर्तमान में विश्व नंबर 65) द्वारा हासिल की गई विश्व नंबर 24 रैंकिंग की भी बराबरी की, जो एकल में किसी भारतीय द्वारा प्राप्त सर्वोच्च रैंक है। मनिका की रैंकिंग में उछाल पिछले हफ्ते सऊदी स्मैश इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद आया, जहां उन्होंने राउंड 32 में शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2, वांग मन्यु पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड नंबर 14 जर्मनी की नीना मित्तेलहम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां मनिका अंतत: जापान की वर्ल्ड नंबर 5 हिना हयाता से हार गईं। पुरुष एकल रैंकिंग में अनुभवी अचंत शरत कमल तीन स्थान गिरकर 40वें स्थान पर आ गए और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हुए हैं। मानव ठक्कर और हरमीत देसाई क्रमश: 62वें और 63वें स्थान पर हैं।

दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी किआ ने पेश किया ईवी 6 इलेक्ट्रिक कार का नया अवतार

सियोल(एजेंसी)। दक्षिण कोरिया की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी किआ ने मंगलवार को अपनी इलेक्ट्रिक कार ईवी 6 का रीडिजाइन और अपग्रेडेड अवतार पेश किया। कंपनी ने पहली बार इस कार को 2021 में बाजार में उतारा था। इस नई क्रॉसओवर एसयूवी में नया डिजाइन दिया हुआ है और चौथी पीढ़ी का 84 किलो वाट का बैटरी पैक दिया गया है। इसके अलावा ग्राहकों को इसमें एक एडवांस तकनीक का इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा। इस इंफोटेनमेंट में हुंडई मोटर्स के सॉफ्टवेयर डिफाइन्ड व्हीकल (एसडीवी) टेक्नोलॉजी का उपयोग किया हुआ है। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी ने आगे और पीछे की लाइट पर स्टार मैप लाइटनिंग डिजाइन का इस्तेमाल किया है। साथ ही इसमें नये डिजाइन के बंपर दिए हुए हैं। इंटीरियर में भी कंपनी ने कई अहम बदलाव किए हैं। ईवी 6 फेसलिफ्ट में कर्व के साथ डिस्प्ले दिया हुआ है और डायनेमिक ग्राफिक्स के साथ एंबियंट लाइट इस गाड़ी में दी हुई है। नई ईवी 6 में चौथी पीढ़ी का 84 किलोवाट का बैटरी पैक आता है, यह पहले 77.4 किलोवाट का था। नई ईवी 6 सिंगल चार्ज में 494 किलोमीटर का सफर तय कर सकती है, जबकि इससे पहले वाला मॉडल सिंगल चार्ज में अधिकतम 475 किलोमीटर तय कर सकता था। किआ ने बताया कि कंपनी को प्रीऑर्डर मिलने शुरू हो गए हैं और अगले महीने से गाड़ी ग्राहकों को मिलनी शुरू हो जाएगी।

विजय माल्या, नीरव मोदी की तरह अब कोई भी नहीं डकार सकेगा बैंकों का पैसा, आरबीआई लेकर आई ये नया नियम

नई दिल्ली(एजेंसी)। बैंकों का पैसा लेकर अब कोई विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे लोग नहीं भाग सकेंगे। आरबीआई बैंकों पर लगाम लगाने के लिए लगातार नियमों में बदलाव कर रही है। आरबीआई नहीं चाहता कि बैंक ज्यादा संख्या में कर्ज दें। ताकि बैंकों को भविष्य में लोन वसूलने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। आरबीआई अब नया नियम लेकर आई है। जिस तहत एक सीमित दायरें में भी बैंको को लोन बांटने को कहा गया है। इस समस्या से लड़ने के लिए केंद्रीय बैंक ने एक उपाय निकाला है। दरअसल बैंकों और एनबीएफसी को प्रोजेक्ट फाइनेंस लोन के लिए अधिक परसेंटेज अलॉट करने की जरूरत हो सकती है। बैंकों को संभावित नुकसान के लिए रिजर्व में पैसा अलग रखना होता है। इससे शेयरधारकों के लिए कम लाभांश और भविष्य के निवेश के लिए कम पूंजी उपलब्ध हो सकती है। बैंक ग्राहको को उनके हिसाब से लोन देता है। छोटे ग्राहकों को रिटेल लोन दिए जाते हैं। घर या अन्य संपत्ति को सिक्योरिटी के तौर पर रखा जाता है। अकाउंट में लोन आने के साथ ही ईएमआई शुरू हो जाती है। वहीं बड़े कर्जों करोड़ रुपये में होते है। बड़े कर्जों में को सड़क, पुल आदि योजनाओं के लिए दिया जा सकता है। वैसे कर्जों को किमत के आधार पर दिया जाता है। बैंक अपने मुनाफे का सारा हिस्सा एक साथ खर्च नहीं करते हैं। एक हिस्सा भविष्य में जोखिम भरे कर्जों से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए रखते हैं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बड़े कर्जों के लिए बैंक आमतौर पर अपनी ओर से किए गए कर्जों का 0.4 फीसदी प्रोवीजन रखते हैं। इन चीजों को ध्यान में रखते हुए ऋद्ध इसमें कुछ बदलाव करना चाहता है। दरअसल बड़े कर्जों के लिए बैंक आमतौर पर अपनी ओर 0.4 फीसदी प्रोवीजन रखते हैं। ऋद्ध चाहती है की उसे बढ़ा कर 5 फीसदी तक कर दिया जाना चाहिए। कई सरकारी और निजी बैंक शेयरों में 9 फीसदी तक की गिरावट आ चुकी है। ऐसे में बैंक बढ़े हुए प्रोविजन की भरपाई के लिए अलग तरीकों की भी तलाश कर सकते हैं। इससे बैंकों पर लाभ कमाने या अपने कर्ज को बढ़ाने का दबाव पड़ सकता है। ऐसा न करने पर शेयरहोल्डर नाराज हो सकते हैं।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 10 गुना बढ़ा

सियोल(एजेंसी)। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में परिचालन लाभ 10 गुना होकर 6600 अरब वॉन (4.8 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। यह पिछले साल की समान अवधि में 640 अरब वॉन (46.5 करोड़ डॉलर) था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मेमोरी चिप की ऊंची कीमतों और प्रमुख गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन की मजबूत बिक्री के दम पर कंपनी का राजस्व करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 71900 अरब वॉन (52 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। एआई चिप की बढ़ती मांग को देखते हुए सैमसंग ने कहा कि उसने इस महीने अपने नवीनतम एचबीएम चिप (जिन्हें 8-लेयर एचबीएम3ई कहा जाता है) का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। दूसरी तिमाही में चिप के 12-लेयर संस्करण का उत्पादन शुरू करने की योजना है। सैमसंग ने एक बयान में कहा, '' 2024 की दूसरी छमाही में व्यापक आर्थिक रुझानों और भू-राजनीतिक मुद्दों से संबंधित निरंतर अस्थिरता के बावजूद, मुख्य रूप से जनरेटिव एआई से जुड़ी मांग के साथ कारोबारी स्थितियां सकारात्मक रहने की उम्मीद है।''

जस्टडायल ने रायपुर के छोटे एवं मध्यम व्यवसायों का बनाया सशक्त मध्य भारत में विकास को दे रहा है गति

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर मध्य भारत का मुख्य इंडस्ट्रियल एवं कमर्शियल सेंटर है। इसे मैनुफैक्चरिंग उद्योगों और उभरते व्यवसायों के लिए जाना जाता है, खासतौर पर स्टील एवं आयरन उत्पादन करने वाले उद्योग यहां तेजी से विकसित हो रहे हैं। व्यवसाय के लिए अनुकूल माहौल और पर्याप्त मात्रा में मिनरल्स मिलने के कारण रायपुर व्यवसाय शुरू करने और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अच्छा स्थान है। रायपुर के तीव्र विकास के बीच, जस्टडायर इस क्षेत्र में छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने वाला मुख्य प्लेयर बना हुआ है। जस्टडायल का समावेशी एवं आधुनिक प्लेटफॉर्म स्थानीय व्यवसायों को ज़रूरी उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराता है, जिससे उन्हें अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से जुड़ने और अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिलती है। साईनाथ टायर एण्ड सर्विस के मालिक संदीप सोनी अपने व्यवसाय पर जस्टडायल के सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताते हुए कहते हैं, ''पिछले सात सालों से मैं इस व्यवसाय में हूं, लेकिन जस्टडायल के साथ जुड़ने के बाद मेरे व्यवसाय को गति मिली। यह बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, इस प्लेटफॉर्म के साथ जुड़ने के बाद मेरा बिज़नेस परफोर्मेन्स 300 फीसदी बढ़ गया है। जस्टडायल मेरे लिए बेहद कारगर साबित हुआ है।'' ऐसे ही एक और व्यवसायी अखिलेश सोनी ने बताया कि जस्टडायल ने उन्हें न सिर्फ स्थानीय कम्युनिटी के साथ जोड़ा बल्कि देश भर में उनकी पहुंच भी बढ़ाई। उन्होंने कहा, ''जस्टडायल ने मेरे पेशेवर करियर को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म ने मुझे न सिर्फ स्थानीय लोगों से बल्कि देश भर के उपभोक्ताओं के साथ जोड़ा है। मैं उनके प्रति आभारी हूं।'' जस्टडायल का यूज़र-फ्रैंडली इंटरफेस और व्यापक डेटाबेस व्यवसायों को उपभोक्ताओं के साथ जोड़ता है, उनके बीच आपसी सहयोग एवं कम्युनिकेशन को सुनिश्चित करता है। जस्टडायल प्लेटफॉर्म के ज़रिए व्यवसाय अपने प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज़ को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं, इससे ब्राण्ड की विज़िबिलिटी बढ़ती है। होइस्ट एलीवेटर्स एण्ड एस्केलेटर्स के मोहम्मद आमिर अपनी सफलता के बारे में बताते हुए कहते हैं ''पिछले साल जस्टडायल के फ्री वर्जन का इस्तेमाल करने के बाद हाल ही में मैं उनका पेड क्लाइंट बन गया।

सशक्त आर्थिक विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है 'ग्रोइंगटन वेंचर्स इंडिया लिमिटेड

मुंबई : सीए विक्रम बजाज द्वारा प्रवर्तित मुंबई स्थित बीएसई सूचीबद्ध कंपनी ग्रोइंगटन वेंचर्स इंडिया लिमिटेड (बीएसई - 539222) का लक्ष्य आने वाले समय में सशक्त आर्थिक विकास हासिल करना है। कंपनी ने दिसंबर 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही और नौमाही के लिए उत्कृष्ट वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। वित्त वर्ष 2024 की नौमाही में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की नौमाही में अर्जित 9.04 करोड़ रुपए के मुकाबले साल-दर-साल 163त्न की वृद्धि के साथ 23.81 करोड़ रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2024 की नौमाही के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 328त्न बढ़कर 1.75 करोड़ रुपये हो गया जो कि गत वर्ष की समान अवधि में 40.88 लाख रुपए था। नवंबर 2023 में, कंपनी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई लिमिटेड के मैनबोर्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। कंपनी को इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी भी मिल गई थी। कंपनी ने 15 जुलाई की बोर्ड बैठक में बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म से बीएसई लिमिटेड के मैनबोर्ड में कंपनी के इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग/ट्रेडिंग के माइग्रेशन को मंजूरी दे दी थी। कंपनी ने इक्विटी शेयर की फेसवैल्यू फुल्ली पेडअप 10 रुपये के मुकाबले फुल्ली पेडअप 1 रुपए कर 1 इक्विटी शेयर को 10 शेयरों में उप-विभाजित कर दिया, जैसा कि 17 जनवरी, 2024 को पोस्टल बैलेट के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा अनुमत किया गया। कंपनी ने स्टॉक विभाजन के लिए रिकॉर्ड तिथि के रूप में 31 जनवरी, 2024 तय की थी। कंपनी ब्रांडनेम "GROWFAMIO" के साथ ताजे फलों के आयात एवं वितरण से लेकर होटल और ई-कॉमर्स में कार्यरत कॉर्पोरेट्स तक आपूर्ति श्रृंखला के व्यवसाय में संलग्न है। कंपनी तुर्की, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका, ग्रीस, चिली आदि में खेतों से फलों की सोर्सिंग करके अखिल भारतीय बाजार में ताजे फल परोसने के दृष्टिकोण से पेशेवर रूप से प्रबंधित है। कंपनी की यूएसपी खेतों से ताजे फल प्राप्त करना, मूल्यवान ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले फल वितरित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक पैकेजिंग प्रदान करना और त्वरित लॉजिस्टिक सुविधा के साथ गुणवत्ता की जांच कर आपूर्ति करना है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024

पत्रकारिता विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

रायपुर (विश्व परिवार)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन 16 मई से शुरू होगी। इस बार भी मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ktujm.ac.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना है।

संक्षिप्त समाचार

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कला केन्द्र का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कला केन्द्र निरीक्षण पर पहुंचे और वहां पर कलाकारों से मुलाकात की। डॉ. सिंह ने सभी से परिचय लेते हुए आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रदान करना के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को विभिन्न सीखने के लिए मंच प्रदान करना है। इस समय यहां गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम इत्यादि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां एक रिकॉर्डिंग स्टूडियों भी जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पुल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से बाल-बाल बचे फरसेगढ़ थाना प्रभारी

बीजापुर (विसं)। जिल के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास आज बुधवार सुबह फरसेगढ़ थाना प्रभारी के कार को नक्सलियों ने कमांड आईईडी से विस्फोट कर

वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया गया, जिसमें कार सवार फरसेगढ़ थाना प्रभारी और आरक्षक बाल-बाल बच गए। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आईईडी ब्लॉस्ट से दोनों सुरक्षित हैं, वाहन को आंशिक क्षति पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह एवं आरक्षक संजय कार में सवार होकर बीजापुर जिला मुख्यालय के लिए आज सुबह निकले थे। सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर वाहन को उड़ाने का प्रयास किया। फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह और आरक्षक संजय दोनों सुरक्षित हैं। इस नक्सली आईईडी विस्फोट से वाहन के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना कर्मियों और पेंशनरों के हित में अभिनव कदम

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व पंजाब तीनों राज्यों के बीच एमओयू

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की भरपूर सराहना की हैं तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी श्री राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पॉवर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है। तीनों राज्यों की बिजली कंपनियों व छत्तीसगढ़ की क्रियान्वयन एजेंसी के बीच एक एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कैशलेस स्वास्थ्य योजना के मॉडल को मध्यप्रदेश तथा पंजाब में भी अपनाया जा सकता है।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर की सात पॉवर कंपनियों से आये अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी व ताली बजाकर इस कार्य की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की योजना के पीछे की गई मेहनत, शोध और सोच को अनुकरणीय बताया।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मंजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के बारे में हमने जितना सुना था यहाँ आकर उससे भी बेहतर पाया है। इस योजना को मध्यप्रदेश की पॉवर कंपनियों में लागू करने के लिए हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा है। यह योजना बहुत प्रभावी है।

पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए श्री डी.के. गोयल ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की कैशलेस योजना लागू की गई थी पर वह सफल नहीं हो सकी थी, यहाँ आकर हमने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य योजना का सूक्ष्मता से अध्ययन किया है। छत्तीसगढ़ में बहुत मेहनत से रिसर्च की गई और योजनाबद्ध ढंग से इसे लागू किया गया है। हमने जिन दिक्कतों का सामना किया था उनका समाधान इस योजना में है।

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि श्री अमित मेहरोलिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की स्वास्थ्य योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है। बैठक में मध्यप्रदेश से मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र तथा पश्चिम क्षेत्र पॉवर वितरण कंपनी तथा मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

दपूम रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सिलियारी स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 15 मई 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ सिलियारी स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

स्पैड से बचाव के लिए बरती जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं पेट्रोलिंग, ट्रैक पर कार्य करते समय कार्य स्थल की संरक्षा एवं निजी संरक्षा, क्रू, ट्रेन मैनेजर एवं गेटकीपर के द्वारा अनियमितता रिपोर्ट किये जाने पर स्टेशन मास्टर का कर्तव्य, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण तथा आग से बचाव एवं अग्निशमन यंत्र का उपयोग।

इस संरक्षा सेमिनार में श्री त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री संजीव कुमार सिंह, संरक्षा सलाहकार/इंजीनियरिंग श्री भूपेश साहू, संरक्षा सलाहकार/यांत्रिक के साथ साथ डी टी आई/रायपुर एवं मुख्य स्टेशन मास्टर/सिलियारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 53 लोगों ने भाग लिया।

चार दिवसीय पालीताणा यात्रा में गाय एक वरदान पुस्तक का विमोचन

रायपुर (विश्व परिवार)। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी पदम डाकलिया (अखिल जैन) द्वारा लिखित गाय एक वरदान पुस्तक का प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने पुस्तक का विमोचन दादा आदिनाथ के श्री चरणों में पूजन वंदन कर किया। पुस्तक की पहली कॉपी दादा आदिनाथ जी को अर्पण किया गया। गौ माता की जानकारी से लेकर गौ विज्ञान अनुसंधान, औषधि सेवा और ज्योतिष महत्व जैसी महत्वपूर्ण तथ्य का वर्णन पुस्तक में किया गया है। इसके लिए पिछले चार सालों से प्रयास किया जा रहा था, जो सफल रहा।

चार दिवसीय पालीताणा यात्रा के दौरान विशेष धोलका में माननीय गुरुजी कुमार पाल भाई शाह से मनोहर गौशाला में चल रहे कार्यों की चर्चा की गई। आदरणीय गुरुजी श्री कुमार पाल भाई ने मनोहर गौशाला के आत्मनिर्भर गौ शाला निर्माण, निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय, 1100 गौ वंश के शेड, जंगल आदि कार्यों की बहुत सराहना की। वहां चल रहे गौमूत्र के अनुसंधान को विश्व स्तर में ख्याति मिले, ऐसी शुभकामना उन्होंने दी। उन्होंने रजत सिक्का आशीर्वाद के रूप में प्रदान किया। साथ ही पुस्तक के प्रकाशन की सराहना की और निवेदन पर गौशाला खैरागढ़ पधारने का आश्वासन दिया।

बाबू मंदिर तलेटी के ऑफिस में गाय एक वरदान का विमोचन : गाय एक वरदान पुस्तक अक्षय तृतीया पर गिरिराज की तलेटी और बाबू के देरासर में दादा आदिनाथ को अर्पित करने के बाद बाबू के देरासर के सर्वाकार आदरणीय श्री महाराज बहादुर सिंह जी के परिवार की तीन पीढ़ियों की मौजूदगी में पुस्तक का विमोचन किया गया। माननीय श्री राजेश जी दुग्गड, श्री ललित जी दुग्गड, श्री गौतम जी दुग्गड, श्री अमित जी दुग्गड कोलकाता निवासी ने मनोहर गौशाला खैरागढ़ पधारने की सहमति प्रदान की। उन्होंने यहां के कार्यों की सराहना की।

श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल उरकुरा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा-2024 में छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कक्षा 10वीं में बालक और कक्षा 12वीं में बालिकाएं रहीं अव्वल

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल उरकुरा के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने 2024 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्साहवर्धक प्रदर्शन किया है। एक बार फिर, हमारे छात्रों ने शैक्षिक प्रतिभा का परिचय दिया है, उन्होंने अनुशासन और हमारे स्कूल के उत्कृष्टता के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया है।

इस वर्ष, कक्षा 10वीं छात्रों में से सौरव मिश्रा ने 93.40 प्रतिशत और प्रान्श मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वी कॉमर्स में दीक्षा द्विवेदी ने 89 प्रतिशत और प्रीती यादव ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं विज्ञान समूह में बायोलॉजी में आरती साहू ने 82.60 प्रतिशत और नीलम वर्मा ने 82.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वी में गणित में नूपुर तिवारी ने 82.20 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण रही। रायपुर नायर समाजम के अध्यक्ष श्री बी. गोपा कुमार ने कहा कि हमारे छात्रों की सफलता उनकी सतत मेहनत का परिचायक है, साथ ही हमारे शिक्षकों का समर्पण, और छात्र छात्राओं की मेहनत की वजह से आज हम यहाँ तक पहुंचे हैं। श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलकों का सदैव ऋणी रहेगा जिन्होंने हम पर भरोसा किया है। इन उत्कृष्ट उपलब्धियों पर रायपुर नायर समाज के सचिव श्री शैलेश नायर व कोषाध्यक्ष श्री विश्वंभरण नायर और अन्य पदाधिकारियों ने बधाइ देते हुये कहा कि समाजम द्वारा संचालित श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपने उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा का वायदा और हमारे समुदाय और समाज के लिए सकारात्मक योगदान करने का संकल्प बनाए रखता है। हम अपने संस्थान में माता-पिता और स्थानीय समुदाय के सदैव समर्थन और विश्वास के लिए अपनी ओर से गहरा आभार व्यक्त करते हैं। स्कूल के प्राचार्य श्री आशीष आदित्य पांडेय ने छात्रों और शिक्षकों दोनों में अत्यधिक गर्व व्यक्त किया, कहते हुए कहा कि, हम अपने छात्रों और शिक्षकों दोनों पर अत्यधिक गर्वित हैं, जो हमारे स्कूल के उत्कृष्ट शैक्षिक मानकों को बनाए रखने और उत्कृष्टता की नींव रखने का प्रयास करते हैं तथा हम अपने पालकों का भी साधुवाद करते हैं जिन्होंने इस संस्था में विश्वास बनाये रखा।

झारखंड के विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प : संजय श्रीवास्तव

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव समेत कई नेताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रचार का मोर्चा संभाल लिया है। संजय श्रीवास्तव ने आज प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई से मुलाकात की एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें झारखंड में ठगबंधन की सरकार का पर्दाफाश करना है एवं झारखंड में सुशासन, आदिवासियों के विकास एवं अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति का उत्थान करने वाली भाजपा की सरकार बनानी है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के विकास के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि झारखंड में ठगबंधन एवं भ्रष्टाचार के पितामह सोरेन सरकार के शासन को झारखंड के इतिहास में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार का काल के रूप में याद किया जाएगा। जिसके मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हो ऐसी पार्टी और ऐसे गठबंधन को जनता कभी दोबारा मौका नहीं देगी। हमें जन-जन तक यह बात पहुंचानी है कि झारखंड में जंगल राज एवं कुशासन समाप्त करना है एवं भाजपा की सरकार बनानी है झारखंड का गौरव झारखंड का खोया हुआ स्वाभिमान फिर से लौटाना है।

बुजुर्गों की पीड़ा को दर्शाया छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में, माता-पिता को वृद्धाश्रम न भेजने की शपथ ली

रायपुर (विश्व परिवार)। माता-पिता सीढ़ी के पहले पायदान नहीं होते हैं बल्कि वे जिंदगी के पेड़ की जड़ की तरह होते है। पेड़ कितना भी बड़ा क्यों ना हो और कितना भी हरा भरा क्यों ना हो यदि जड़ को काट दिया जाए तो वो हरा भरा नहीं रह सकता।

कुछ इस तरह के डायलॉग्स आज बूढ़ेश्वर मंदिर चौक में नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्राओं ने बोले। बुजुर्ग-हमारी धरोहर विषय पर शिवानी स्मृति सेवा संस्थान के निशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने आज नुक्कड नाटक में अलग-अलग घटनाओं को प्रस्तुत कर बुजुर्गो के साथ घर में होने वाले व्यवहार को सामने रखा। जहां एक घटना में एक पिता अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए अपने बुजुर्ग माता-पिता को सर्वेन्ट क्वार्टर में भेजता है, वहीं छात्राओं ने एक अन्य दृश्य में बुजुर्ग माता-पिता को घर में भोजन के लिए अपमानित करने का दृश्य प्रस्तुत किया जो बड़ा मार्मिक था।

दिल्ली में एक वृद्ध और बीमार मां को उसके परिजनों द्वारा नुक्कड़ में पड़े कूड़े के ढेर में फेका गया था जहां कराहते हुए उस मां ने दम तोड़ दिया, इसकी बड़ी भावनात्मक प्रस्तुति छात्राओं ने दी। एक अन्य दृश्य में एक मां अपने बेटे से किसी बात का जवाब दो बार न मिलने पर तीसरी बार पूछती है तो उसका जवाब बेटे द्वारा चिढ़कर दिया जाता है। तब मां कहती है कि बचपन में एक ही बात को कई बार बोलने पर भी मां कभी चिढ़कर नहीं बोलती और बड़े होकर बेटे से थोड़ा पूछो तो गुस्सा होकर जवाब देने लगते है।

बुजुर्ग द्वारा ठंड लगने पर कबंल मागंना और इससे गुस्सा होकर पिता को बेटे द्वारा वृद्धाश्रम भेजना और बाद में वृद्धाश्रम में पिता की मौत का समाचार सुनकर बेटे द्वारा अफसोस जताने का भी छात्राओं ने शानदार अभिनय किया। छात्राओं ने एक दृश्य में संदेश देते हुए कहा कि आप अपने माता-पिता के साथ जैसा व्यवहार करोगे तो आपके बच्चे भी आगे चलकर आपके साथ वैसा ही व्यवहार करेगें। नाटक के अंत में बच्चों ने दर्शको को अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करने व कभी भी वृद्धाश्रम नहीं भेजने की शपथ दिलाई। नाटक में छात्राओं ने जिन पात्रों का अभिनय किया वो इस तरह है- गुंजन सोनकर (माता), राशि थवाईत (पिता), कुमकुम यादव, सारिका सोनकर, चेतना देवांगन (बेटे), सेजल सोनी व कुमकुम यादव (बहु), नंदिनी साहु(छोटा बच्चा), अन्य पात्रों की भूमिका में थे- नीतिका देवांगन, निकिता यादव, गीतिका साहू, मोहिनी दुबे। नाटक के प्रशिक्षक थे- शचि मिश्रा, सहयोगी थे नेहा सोनी, अनुराधा सोनी। इस अवसर शिवानी स्मृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह, नफीसा रंगवाला, शिरीन परवीन, वर्षा साहू, अनिता तिवारी आदि मौजूद रहे।

मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा संकल्पित

रायपुर (विश्व परिवार)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों में लगातार भाजपा की जीत के लिए चुनावी मैदान में उतर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मिशन 400 पार सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हर तरह से संकल्पित है। उसी कड़ी में छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा की टीम भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही। छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा की तीन टोली बनाई गई। पहली टोली हरियाणा, दूसरी टोली बिहार और तीसरी टोली उड़ीसा के लिए रवाना हुई है। जिसका नेतृत्व स्वयं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत कर रही है।

इस दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षशालिनी राजपूत ने कहा कि हम अपनी टीमों को अच्छी तरह से भाजपा के रीती नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन को पूरा करने के लिए अपनी संपूर्ण ताकत लगाकर बिहार एवं हरियाणा के घर-घर जाकर महिलाओं को देश के प्रति सनातन के प्रति भारतीय जनता के पार्टी के प्रति जागरूक कर उन्हें नरेंद्र मोदी के पक्ष में कमल पर वोट देने के लिए आग्रह करेंगें। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हमारी टीम जिस प्रकार से अपने कुशल नेतृत्व और कुशल कार्यशैली से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की ठीक उसी प्रकार से लोकसभा में भी विजय प्राप्त कर 11 में 11 सीटे जीतेगी। साथ ही साथ पूरे भारत में मोदी लहर कि सुनामी 400 पार कर एक नई क्रांति का आगाज करेगी। हमारे छत्तीसगढ़ की महिलाएं बड़ी बहादुर और होनहार है जिस प्रदेश में प्रचार करेंगी वहां पर कुछ कहने की बात नहीं रिजल्ट देखिएगा सत प्रतिशत आएगा इतना कहते हुए शालिनी राजपूत के मार्गदर्शन में सभी महिलाओं ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए अपनी टीम को लेकर आगे के लिए रवाना हुई।

इस दौरान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष मीनल चौबे, प्रदेश कोषाद्यक हेमलता शर्मा, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संध्या तिवारी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे, निशा चौबे, आशा दुबे, कार्यकारिणी सदस्य मंजू सिंह, स्विटी कौशिक, मोहन कुमारी साहू, किरण साहू, वैशाली रत्नपारखी, निलिमा गोश्वामी, पार्वती प्रधानी, ममता गुप्ता, रीता मंडल, दिव्या कलिहारी, उमा शर्मा, रीता मंडल, चेतना गुप्ता, मोनिका देवांगन, सोभा शर्मा, पूनम सोलंकी, सावित्री रजक, नमिता सिन्हा, रूपेशवरी साहू, सीमा साहू, तिलेश्वरी वर्मा, माया शर्मा, संगीता जैन, अरुणा सिंह, पुनीता डहरिया एवम प्रदेश के वरिष्ठ महिला मोर्चा पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवम जिला पदाधिकारी सम्मिलित है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354